दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 203

ग्वालियर, बुधवार, 13 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

शिक्षा, पोषण व आरोग्य क्षेत्र में गुजरात के हर समाज की भूमिका अहम: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, शिक्षा, पोषण और आरोग्य के क्षेत्र में गुजरात का स्वभाव रहा है कि अपनी शक्ति के अनुसार हर समाज कुछ न कुछ सामाजिक दायित्व निभाता है। मोदी ने मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात के अदालज में श्री अन्नपूर्णाधाम ट्रस्ट के छात्रावास एवं शिक्षा परिसर का उद्घाटन करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। प्रधानमंत्री ने जनसहायक ट्रस्ट के हीरामनी आरोग्यधाम का भूमिपूजन भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम को हिंदी और गुजराती दोनों ही भाषा में संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कोरोना वैक्सीनेशन व जन औषधि केंद्र का भी उल्लेख किया और बताया कि जो दवाएं 100 रुपये में हमें खरीदना पड़ता है वह इन केंद्रों में दस-पंद्रह रुपये में मिल जाता है। उन्होंने आगे कहा, %केंद्र सरकार ने जिला अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस की जो सुविधा शुरू की है, उस अभियान को आपके ये प्रयास और बल देने वाले हैं। इन सभी प्रयासों और सेवाभाव के लिए आप सभी प्रशंसा के पात्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पाटीदार समाज सामाजिक सरोकार में कभी पीछे नहीं रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा व

पोषण के लिए गुजरात में सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने जन आरोग्य धाम का भी जिक्र किया और इससे होने वाले लाभ की गिनती कराई और कहा, गुजरात की आम जनता को इससे काफी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, मां अन्नपूर्णा की मूर्ति को कनाडा से वापस लाए जिसे दशकों पहले काशी से चुरा दूसरे देश पहुंचा दिया गया था। समृद्धि और धनधान्य की देवी मां अन्नपूर्णा के प्रति हमारी अगाध आस्था रही है। पाटीदार समाज तो धरती माता से सीधे जुड़ा रहा है। मां के प्रति इस अगाध श्रद्धा के चलते ही कुछ महीने पहले मां अन्नपूर्णा की मूर्ति को हम कनाडा से काशी वापस ले आए हैं। मां अन्नपूर्णा के इस पावन धाम में आस्था, अध्यात्म और सामाजिक दायित्वों से जुड़े बड़े अनुष्ठानों से जुड़ने का मुझे अवसर मिलता रहता है। मां के आशीर्वाद से मुझे हर बार किसी न किसी तरह से आपके बीच रहने का मौका मिला है। ट्रस्ट के इस छात्रावास और शिक्षा परिसर में 600 छात्रों के रहने व भोजन आदि की सुविधा के लिए 150 कमरे हैं। इसके अलावा यहां जीपीएससी, यूपीएससी परीक्षा के लिए प्रशिक्षण केंद्र, ई-लाइब्रेरी, सम्मेलन कक्ष, खेल कक्ष, टीवी कक्ष, छात्रों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं आदि की सुविधाएं भी हैं। जनसहायक ट्रस्ट की ओर से विकसित किए जाने वाले हीरामनी आरोग्य धाम में एक बार में अनेक लोग डायलिसिस करा सकेंगे।

खास खबर

उड़ान भरेगा पहला 'मेड इन इंडिया' कमर्शियल एयरक्राफ्ट

नई दिल्ली। पहली बार मेड इन इंडिया सिविल डोर्नियर विमान उड़ान भरना शुरू कर देगा और अरुणाचल प्रदेश के दूरदराज के शहरों को हवाई संपर्क प्रदान करेगा। भारतीय उड्डयन के इतिहास में यह एक ऐतिसाहिक दिन होगा। इससे देश के बाकी हिस्सों के साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र के हवाई संपर्क को और बढ़ावा मिलेगा। पहली बार मेड इन इंडिया 17-सीटर डोर्नियर विमान को अरुणाचल प्रदेश के पांच दूरस्थ शहरों को असम के डिब्रूगढ़ से जोड़ने के लिए सेवा में लगाया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्यों में हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिए और, हवाई संपर्क के लिए बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए, पूर्वोत्तर क्षेत्र में हवाई संपर्क और विमानन बुनियादी ढांचा प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की मेड इन इंडिया- डोर्नियर डीओ-228 की पहली उड़ान जोकि असम के डिब्रूगढ़ से अलायंस एयर द्वारा अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट शहर के लिए होगी। एलायंस एयर भारत की पहली कमर्शियल एयरलाइन है जो नागरिक संचालन के लिए भारत में निर्मित विमान उड़ाएगी।

दिल्ली के कई इलाकों में गोहत्या करने वाला गैंग पकड़ा, 5 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए रविवार रात को शाहदरा इलाके से गोहत्या के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस गिरोह को अलग-अलग स्थानों से सड़कों पर घूमने वाली गायों को चुराने की आदत थी और उनका मांस बेचने के लिए उनकी हत्या करता था। पुलिस ने अब गाय का मास खरीदारों को पकड़ने के लिए टीमें बना दी हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ की एक टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र में जाल बिछाया और एक तेज गति से चलती कार को देखा।पुस्ता रोड पर पकड़े जाने के दौरान आरोपियों और पुलिस अधिकारियों के दोनों गुटों में हाथापाई हो गई, जिससे स्पेशल स्टाफ के सब इंस्पेक्टर का दाहिने में चोट आई है, लेकिन पुलिस ने हिम्मत दिखाते हुए पांच बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान चांद उर्फ अरशद, नसीम उर्फ अयान, अरकम, अनस और अहमद गुफरान के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने यमुनापार क्षेत्र, गाजीपुर, मयूर विहार, आनंद विहार और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के इलाकों में इसी तरह के अपराध किए हैं।

राष्ट्रपति कोविंद और उपराष्ट्रपति नायडू से मिले पंजाब के सीएम मान

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से अलग-अलग मुलाकात की। पंजाब का मुख्यमंत्री बनने के बाद से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के साथ भगवंत मान की यह पहली मुलाकात थी। भगवंत मान ने राष्ट्रपति के साथ मुलाकात की एक तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की।

दिल्ली सरकार का मजदूरों को तोहफा कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के खाते में भेजे 5-5 हजार रुपये

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने 23,256 कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के लिए 11.6 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया है। दिल्ली सरकार इन मजदूरों के खाते में 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर रही है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस अनुदान को लेकर कहा कि दिल्ली सरकार ने सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को शहर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सर्दियों के दौरान लगाए गए निर्माण प्रतिबंध के कारण काम के नुकसान के लिए 5,000 का अनुदान देना शुरू कर दिया है। केजरीवाल सरकार दिल्ली में निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए काम करने और उन्हें एक सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण पिछले साल नवंबर में दिल्ली में निर्माण गतिविधियों को रोक दिया गया था। इसलिए मजदूरों को इस दौरान हुए नुकसान की भरपाई करने और निर्माण श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार प्रत्येक निर्माण श्रमिक को 5 हजार रुपये का अनुदान दे रही है।

भाजपा के बुलडोजर पर नफरत व दहशत सवार, बेरोजगारी व महंगाई पर चलाना चाहिए बुलडोजर : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को महंगाई एवं बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर बुलडोजर चलाना चाहिए, लेकिन भाजपा के बुलडोजर पर तो नफरत और दहशत सवार है। उन्होंने मध्य प्रदेश के खरगौन में राम नवमी पर हुई हिंसा के आरोपियों के घरों एवं दुकानों पर बुलडोजर चलाए जाने की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि महंगाई और बेरोजगारी ने देश की जनता का दम निकाल दिया है। सरकार को लोगों की इन समस्याओं पर बुलडोजर चलाना चाहिए। मगर भाजपा के बुलडोजर पर तो नफरत और दहशत सवार है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है जिसका मतलब पवित्रता का प्रतीक होता है। राम नवमी पर असहिष्णुता, हिंसा और घृणा के कृत्य किए जा रहे हैं। उन्होंने सत्ता में शीर्ष पर विराजमान लोगों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा देश के शीर्ष नेता नफरत के प्रसार को देखने और सुनने से इनकार करते हैं। वे मौन हैं।

पीएम मोदी को धन्यवाद कहकर शरीफ ने अलापा कश्मीर का राग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देकर फिर से कश्मीर का राग अलापा है। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ शांतिपूर्ण और सहयोग वाले रिश्ते का इच्छुक है। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ जम्मू-कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र के अपने बधाई संदेश में आतंकवाद से मुक्ति का आह्वान करने के जवाब में शहबाज ने दावा किया कि पाकिस्तान ने आतंकवाद से लड़ते हुए कुर्बानी दी है। कश्मीर के आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री ने कहा, %बधाई देने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। पाकिस्तान भारत के साथ शांतिपूर्ण और सहयोगी संबंधों के लिए इच्छुक है। जम्मू-कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान अत्यावश्यक है। पाकिस्तान की आतंकवाद के खिलाफ जंग लड़ते हुए दी गई कुर्बानियों को दुनिया जानती है। चलिए शांति को सुरक्षित करें और हमारे लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर फोकस करें। शरीफ ने प्रधानमंत्री बनने के बाद कश्मीर का मुद्दा संसद से उठाया था। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ शांति चाहते हैं जो कश्मीर विवाद के समाधान तक संभव नहीं है। शहबाज ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता राष्ट्रीय सद्भाव है।

खरगोन हिंसा- ओवैसी ने सीएम शिवराज पर बोला हमला कहा- आज सरकार है, कल नहीं होगी तब...

खरगोन। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बाद अब सियासत गर्मा गई है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अब इस घटना को लेकर सूबे के सीएम शिवराज सिंह चौहान पर सीधे तौर पर निशाना साधा है। अपने एक ट्वीट में ओवैसी ने कहा कि 'मध्य प्रदेश में संस्कृत बंद तरीके से कानून के शासन पर भीड़तंत्र हावी हो चुका है। सीएम शिवराज सिंह चौहान भले ही आपकी विचारधारा मस्जिदों को नापाक करने और बुजुर्गों पर हमला को सही ठहराने की हो, लेकिन ये न भूलें कि आप संवैधानिक पद पर बैठे हैं। जनता की जान और माल की सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी है'।

सरकार पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि 'सत्ता के नशे में शर्मसार होकर और कानून को बलाए-ताक पर रख कर जो आप गरीबों के आशियाने को उजाड़ रहे हो, याद रखो! आज सरकार आपकी है, कल नहीं होगी।' मालूम हो कि 10 अप्रैल को राम नवमी के मौके पर खरगोन में शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पथराव किया जिससे हिंसा भड़क गई थी। खरगोन में हुई हिंसा के बाद पुलिस भी एक्शन मोड पर आ गई थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अफवाह फैलाने के लिए 3 शासकीय कर्मचारियों को नौकरी से बरखास्त किया है और एक को सस्पेंड किया गया है। पत्थरबाजों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस छोटी मोहन टाकीज क्षेत्र में पहुंची और मकान और दुकानों को बुल्डोजर से ढहा दिया। अब इस कार्रवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी नाराजगी जताई है। रविवार को खरगोन में हुई हिंसा के बाद प्रशासन एक्शन मोड पर है। आज भी दूध जैसी जरूरी सेवाओं को भी कर्फ्यू में छूट नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रभारी मंत्री आज बैठक कर सकते हैं। उसमें तय किया जाएगा कि कर्फ्यू में क्या-क्या ढील दी जा सकती है। इधर, सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने पर सरकार को घेरा है। उन्होंने अपने ट्वीट पर सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा, 'क्या खरगोन प्रशासन ने लाठी-तलवार जैसे हथियारों को लेकर जुलूस निकालने की इजाजत दी थी क्या जिन्होंने पत्थर फेंके, चाहे जिस धर्म के हों, सभी के घर पर बुलडोजर चलेगा सीएम शिवराज मत भूलिए आपने निष्पक्ष हो कर सरकार चलाने की शपथ ली है।

दिग्विजय के ट्वीट पर सीएम शिवराज भड़के, हटानी पड़ी पोस्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में रामनवमी पर्व के दौरान सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों द्वारा की गई पत्थरबाजी को लेकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक ट्वीट के द्वारा सीधे तौर पर शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। इस पोस्ट के बाद अब सीएम शिवराज ने नाराजगी व्यक्त की। इतना ही नहीं बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी पलटवार किया था। इसके बाद अब दिग्विजय ने अपने ट्वीट डिलीट कर दिया। गौरतलब हो कि खरगोन में भड़की हिंसा को लेकर दिग्विजय सिंह ने अपने ट्विटर पेज पर एक फोटो शेयर किया था और उसके खरगोन का बताया था। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा था, वचा तलवार लाठी लेकर धार्मिक स्थल पर झंडा लगाना उचित है। क्या खरगोन प्रशासन ने हथियारों को लेकर जुलूस निकालने की इजाजत दी थी। क्या जिन्होंने पत्थर फेंके चाहे वो जिस भी धर्म के हों, सभी के घर पर बुलडोजर चलेगा सीएम शिवराज मत भूलिए। आप ने निष्पक्ष होकर सरकार चलाने की शपथ ली थी।' दिग्विजय सिंह के ट्विटर पर फोटो शेयर करने के बाद भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने इसे गलत बताया। उन्होंने इस पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, यही तो मामा के बुलडोजर की ताकत है, वला खरगोन में और दर्द सीधे आपके दिल पर पहुंच गया। आप रात भर ना सो पाए होंगे। आपका मन बड़ा दुखी होगा, इसलिए यह झूठा फोटो ले आए। निष्पक्ष तुड़ाई की जागगी।

तिरुपतिः तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मची भगदड़, 3 जख्मी

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में भगवान वेंकटेश के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जिसकी वजह से वहां भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए। इसकी वजह से अब तक वहां तीन लोगों के जख्मी होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, ये श्रद्धालु सर्व दर्शन टिकट लेने पहुंचे थे, इसकी वजह से टिकट काउंटर पर काफी भीड़ जमा थी। टीटीएस के पीआरओ रवि कुमार ने बताया है कि तिरूपति के तीनों टिकट काउंटर पर आज काफी भीड़ थी। भगदड़ जैसे हालात होने के बाद तिरुमाला तिरूपति देव दर्शननम ने तय किया कि श्रद्धालुओं को बिना टिकट के दर्शन के लिए जाने दिया जाए। फिलहाल हालात सामान्य हैं। सर्वदर्शनम से वहां मतलब %सबको दर्शन% से है। तिरुमाला तिरूपति देव दर्शननम इसमें श्रद्धालुओं को फ्री दर्शन की सुविधा देती है। हफ्ते के अलग-अलग दिन सर्वदर्शनम की टाइमिंग में बदलाव होता रहता है। इसमें नंबर आने में बाकी दर्शन के तरीकों से ज्यादा वक्त लगता है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम पर चंद्रबाबू नायडू ने कहा, %तिरुमाला को केवल आय का स्रोत मानते हुए, दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा होने दी गई। भक्तों की भावनाओं को सुनकर पार्बादियां लगा दीं। उन्होंने कहा कि टीटीडी को तुरंत जागना चाहिए और सुधारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

शत्रुघ्न सिन्हा का बड़ा बयान बीजेपी को खामोश करने की तैयारी हो गई

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में आसनसोल लोकसभा सीट उपचुनाव चल रहा है। शत्रुघ्न सिन्हा यहां तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा को हराने के लिये भारतीय जनता पार्टी ने चक्रव्यूह रचा है। हालांकि सवाल ये है कि शॉटगन आसनसोल लोकसभा सीट पर फंसेंगे या जीतकर संसद पहुंचेंगे। आसनसोल सीट झारखंड की धनबाद जिले की सीमा से लगी हुई है। यहां पर हिंदी भाषी मतदाता निर्णायक भूमिका में होते हैं। इसी को देखते हुए टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शत्रुघ्न सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। आसनसोल लोकसभा सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता रहे बाबुल सुप्रियो के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। मैं कोई जीत हार की बात नहीं करुंगा। आज मैं कहूंगा सिर्फ लोकतंत्र की जीत हो, लोग अच्छी तादात में बहार आएं और वोट दें। वोट देके अपना मनपसंद नेता चुनें। किस लिए, ताकि समाज में सुख, शांति, तरक्की, प्रगति हो, सद्भावना हो, विकास हो, उसके लिए अपना नेता चुनें। वोट जरूर दें। ज्यादा से ज्यादा तादाद में दें, यही हमारी कामना है। यह कहानी आप मुझसे पूछ रही हैं, सही आदमी से नहीं पूछ रही हैं। यह सब चीज़ का जवाब देने के लिए और नेता होते हैं, प्रशासन है, सरकार है, केंद्रीय एजेंसियां हैं। मैं तो अभी आया हूं।

बिहार में दारु के बाद बंद करो रजनीगंधा-तुलसी में जुटे लालू के बड़े लाल

पटना। राजद के प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के बड़े लाल तेज प्रताप यादव नई मुहिम बंद करो रजनीगंधा-तुलसी में जुटे हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपने ट्वीट में नसीहत देने के साथ की है। हालांकि, शुरुआत में ही वे ट्विटर पर ट्रोल हो गए हैं। एक यूजर ने उन्हें इस पोस्ट के लिये खुद राष्ट्रपति भवन जाकर बात करने का आग्रह करने की बात कही है। एक अन्य यूजर ने तंज किया है कि थूकेगा बिहार तभी तो जागे बढ़ेगा बिहार। मकान की दीवारों को पेंट करने की कोई जरूरत नहीं है, इसकारण गुटखा व पान मसाला जारी रहना चाहिए। तेज प्रताप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए लिखा है, कि दारू बंदी बहुत हुई, अब जरा रजनीगंधा व तुलसी भी बंद

कराएं। कही आप भी तब मुंह में रजनीगंधा और कदमों में दुनिया वाली बात पर यकीन नहीं कर रहे तेज प्रताप ने नीचे मुहिम-बंद करो रजनीगंधा तुलसी लिखकर पान मसाला व गुटखा के खिलाफ अपनी मुहिम को स्पष्ट कर दिया है। अपने ट्वीट पर तेज प्रताप ट्रोल हुए हैं। हालांकि, उनके पक्ष में भी ट्वीट किए जा रहे हैं। एक यूजर ने तेज प्रताप का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि वे भी मुंह में रजनीगंधा होने के वजह से लिप्सिंग नहीं कर पाते। एक अन्य यूजर सवाल किया है कि तेज प्रताप तानसेन (पान मसाला-गुटखा का एक ब्रांड) खाते हैं न! एक अन्य ने तेज प्रताप से पूछा है कि वे बचपन से ही ऐसे हैं या पापा ने उन्हें डिजाइन कराया है। एक अन्य ने लिखा है, भैयाजी दया करिए, हम गरीबों का क्या अपराध है जो ये बंद करवा रहे हैं एक यूजर ने तंज किया है कि पशु-चारा खाने में कैसा स्वाद आता है भईया घर में पूछकर बताइए। एक यूजर ने लिखा है कि तेज प्रताप के पोस्ट के लिए वह खुद ट्रेन की पटरियों के किनारे-किनारे चलकर राष्ट्रपति भवन जाएंगा और उन्हें भारत रत्न देने के लिए राष्ट्रपति से आग्रह करेगा। कुछ यूजर्स ने तेज प्रताप के साथ भी दिख रहे हैं। एक ने लिखा है कि नीतीश कुमार पहले दारु तब ठीक से बंद करा लें। उनकी सरकार में बिहार बर्बाद हो रहा है।

उत्तर भारत में भीषण गर्मी व लू का कहर, दिल्ली में गर्मी का येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में आसमान से आग बरस रही है। बढ़ते तापमान के साथ लू के थपेड़ों से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में लू की चेतावनी दी है। आईएमडी के मुताबिक, राजस्थान, पंजाब के कुछ हिस्सों, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिमी मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना है।

राजधानी दिल्ली में मौसम विभाग ने गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के कई जगहों पर हीटवेव कंडीशन और बहुत से इलाकों में सीवियर हीटवेव कंडीशन की भविष्यवाणी की

गई है। दिन के समय आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है, जबकि अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। पहाड़ी इलाकों की बात की जाए तो मौसम विभाग ने उत्तराखंड में फिर मौसम बदलने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले कुछ दिनों में यहां बारिश हो सकती है। जिसके चलते तापमान में कुछ कमी आ सकती है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती हवाओं का एक क्षेत्र बना हुआ है। उधर, विदर्भ से दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक एक निम्न दबाव की रेखा मराठवाडा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटका होकर गुजर रही है।

महबूबा को प्रशासन ने किया नजरबंद, कश्मीर हिंदू परिवार से मिलने जा रही थी

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को प्रशासन ने एहतियात के तौर पर उनके घर में फिर नजरबंद कर दिया है। महबूबा मुफ्ती ने इस नजरबंदी पर ऐतराज जताकर कहा कि मैं मंगलवार को शोपियां में उस कश्मीर हिंदू परिवार के पास अपनी सांत्वना व्यक्त करने जाना चाहती थी, जिस पर बीते सप्ताह हमला हुआ था। मोदी सरकार जानबूझकर मुख्यधारा से जुड़े कश्मीरियों और कश्मीरी मुस्लिमों को कश्मीरी हिंदुओं के पलायन के लिए जिम्मेदार ठहराने का दुष्प्रचार अभियान चलाए हुए है। केंद्र सरकार यह नहीं चाहती कि उसके इस दुष्प्रचार की पोल खुले। बता दें कि महबूबा जिस कश्मीरी पंडित परिवार से मिलने के लिए शोपियां जा रही थीं, वह आतंकी हमले में घायल हुए दवा विक्रेता बाल कृष्ण उर्फ सोनू का है। गत 4 अप्रैल को शाम 7.45 बजे शोपियां के चोटीगाम हरमेन इलाके में आतंकवादियों ने बाल कृष्ण पर उस समय गोलियां बरसाईं जब वह अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। एक के बाद एक आतंकवादियों ने उस पर तीन गोलियां चलाईं और फिर वहां से फरार हो गए। आतंकवादियों को लगा कि इतनी गोलियां लगने के बाद बाल कृष्ण मर गया होगा परंतु अभी उसकी सांसें चल रही थीं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और अब उसकी हालत बेहतर है।

दिग्गज खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहे आईपीएल में पहली बार खेल रहे खिलाड़ी

नई दिल्ली । इस बात में कोई दो राय नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग ने दुनिया को कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। यह फेहरिस्त काफी लंबी है। आईपीएल के इस सीजन को शुरू हुए दो हफ्ते हो चुके हैं। इस दौरान कई ऐसे खिलाड़ी सामने आए हैं, जो पहली बार ही आईपीएल में खेलने उतरे हैं। लेकिन कुछ मुकाबलों में ही इन खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत पहचान बना ली है। इसमें से कुछ भारतीय क्रिकेट के भविष्य के सितारे हो सकते हैं। इनमें से ज्यादातर खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी ने कम कीमत में अपने साथ जोड़ा, लेकिन प्रदर्शन के पैमाने पर यह दिग्गज खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहे हैं।

इस लिस्ट में आयुष बदोनी, तिलक वर्मा, आकाशदीप, मुकेश चौधरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। जिन्हें इस आईपीएल से पहले शायद ही कोई जानता था। शुरुआती मुकाबलों में ही अपने दमदार प्रदर्शन के बूते इन खिलाड़ियों ने सुर्खियां बटोरी हैं। आयुष बदोनी को आईपीएल 2022 की खोज माना जा रहा है। दिल्ली की तरफ से घेरलू क्रिकेट खेलने वाले आयुष आईपीएल 2022 में नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से खेल रहे हैं। उन्होंने टीम के सभी 4 मैच खेले हैं। इसमें इस बल्लेबाज ने 156 के स्ट्राइक रेट से 102 रन बनाए। इस दौरान एक अर्धशतक भी लगाया है। बदोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आखिरी ओवर में छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। बदोनी अब तक 4 पारियों में 2 बार नाबाद रहे हैं और दोनों ही बार टीम के लिए विजयी रन उनके बल्ले से ही निकला है। इससे पहले दिल्ली के रहने वाले आयुष बदोनी ने आईपीएल के अपने डेब्यू मैच में ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ा था। आयुष को लखनऊ ने सिर्फ 20 लाख रुपए में खरीदा था। टीम के मेंटर गौतम गंभीर को इस खिलाड़ी पर काफी विश्वास है। इसी वजह से उन्होंने हर मैच में इस बल्लेबाज को मौका दिया और आयुष हर बार खरे उतरे।

मुंबई इंडियंस टीम के युवा बल्लेबाज और पहला आईपीएल खेल रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपने खेल से सबको प्रभावित किया है। तिलक को सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी में टीम के शुरुआती तीन मैच खेलने का मौका मिला

और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। तिलक ने इन 3 मैच में 161 के स्ट्राइक रेट से 121 रन बनाए। एक फिफ्टी भी लगाई। तिलक घरेलू क्रिकेट हैदराबाद की तरफ से खेलते हैं। उनके लिए हैदराबाद से मुंबई इंडियंस तक का सफर आसान नहीं रहा। उनके पिता इलेक्ट्रिशियन थे। परिवार की माली हालात अच्छी नहीं थी, लेकिन क्रिकेट के लिए तिलक का जुनून भी उन्हें इस मुकाम तक ले आया। अब उन्हें भी भविष्य का सितारा माना जा रहा है।

आकाशदीप आईपीएल 2022 में विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ से खेल रहे हैं। उन्हें पिछले सीजन में भी वॉशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के बाद आरसीबी ने अपने साथ जोड़ा था। हालांकि, पिछले साल आकाशदीप को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन, उन्होंने नेट्स पर अपनी रफ्तार से सबको प्रभावित किया। यही वजह है कि इस साल हुए मेगा ऑक्शन में भी आरसीबी ने इस गेंदबाज को 20 लाख रूपये में अपने स्क्वॉड में शामिल किया। इस सीजन में आकाशदीप ने आरसीबी की तरफ से 2 मैच खेले हैं। आरसीबी की तरफ से पहले मैच में एक और दूसरे मैच में उन्होंने तीन विकेट चटकाए। आकाशदीप मूल रूप से बिहार के हैं। उनके पिता स्पोर्ट्स टीचर थे। वह नहीं चाहते थे कि आकाशदीप क्रिकेट खेले।

आईपीएल 2022 में बीते हफ्ते जब चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से हुआ था। हर कोई सीएसके की टीम को देखकर हैरान था। क्योंकि इसमें मुकेश चौधरी का एक चौंकाने वाला नाम था। फैंस भी हैरान थे कि आखिर यह खिलाड़ी कौन है, जिस पर धोनी की सीएसके ने इतना भरोसा जताया और डेवॉन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और एडम मिल्ने जैसे खिलाड़ी होने के बावजूद टीम में मौका दे दिया। दरअसल, मुकेश महाराष्ट्र की तरफ से घेरलू क्रिकेट खेलते हैं। वह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उन्हें मेगा ऑक्शन में सीएसके ने 20 लाख रुपए की बेस प्राइस में अपने साथ जोड़ा। वो पिछले साल विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्हें सीएसके ने पिछले साल नेट बॉलर के तौर पर अपने साथ जोड़ा था । मुकेश ने अब तक 2 मैच में 1 विकेट ही लिया है। लेकिन जिस तरह से वो गेंद को तेज रफ्तार के साथ स्विंग कराते हैं। वह उनकी बड़ी खूबी है और यही उन्हें सबसे अलग बनाती है।स्कूल में केवल 4 फीसदी अतिरिक्त अंक पाने के लिए क्रिकेट का बल्ला थामने वाले जीतेश शर्मा ने आईपीएल 2022 में डेब्यू किया है। उन्होंने अब तक एक ही मैच खेला है। लेकिन उसमें में ही 17 गेंद में 26 रन की पारी खेलकर इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। चेन्नई सुपर किंग्स के इस मैच में उन्होंने दो कैच भी लपके थे। इसमें से एक महेंद्र सिंह धोनी का था।

न्यूज़ ट्रैक....

आरती बेदी एक अभिनेत्री हैं, मिस्ट्री गर्ल

मुंबई । इंडियन प्रीमियर लीग और ग्लैमर का तगड़ा कनेक्शन है। मैच के दौरान क्रिकेटर्स की प्रेमिकाओं और बॉलीवुड स्टार्स का पहुंचना आम बात है, लेकिन बीते कुछ साल में मिस्ट्री गर्ल का भी चलन तेजी से बढ़ा है। कैमरामैन किसी न किसी इसतहर के हसीन चेहरे पर फोकस कर ही देता है, जो बाद में सोशल मीडिया पर सनसनी बन जाता है। यूजर्स इंटरनेट पर इन मिस्ट्री गर्ल्स के बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। ऐसा ही कुछ रविवार को कोलकाता नाइटराइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले के दौरान देखा गया। मैच के दौरान कैमरामैन ने कई बार कैमरामैन ने मिस्ट्री गर्ल पर फोकस किया। लड़की के एक्सप्रेशन कैमरे में कैद होते रहे। इस बीच जब ऋषभ पंत से आंद्रे रसेल का कैच छूटा तब भी कैमरामैन ने दिल्ली की फैन की निराशा दिखाई। सोशल मीडिया पर इस लड़की की सुंदरता और क्यूटनेस की जमकर तारीफ हो रही है। ट्विटर और इंस्टाग्राम के कई पेजों से भी इस मिस्ट्री गर्ल का फोटो शेयर किया जा रहा है। कुछ लोगों ने तो लड़की को पहचान लेने का दांवा भी किया है। इस मिस्ट्री गर्ल का नाम आरती बेदी है, जिनके इंस्टा बायो में अभिनेत्री लिखा हुआ है। स्टोरी में भी उन्होंने स्टेडियम से अपनी कुछ फोटोज अपलोड की है।

फिल्म चकदा एक्सप्रेस की तैयारी में जुटी अनुष्का, टॉप 4 स्टेडियम में होगी शूटिंग

मुंबई (ईएमएस)। बॉलिवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने आने वाली फिल्म चकदा एक्सप्रेस के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे सफल गेंदबाजों में से एक झूलन गोस्वामी की बायॉपिक है। झूलन भारत की सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। फिल्म के लिए अनुष्का खुद क्रिकेट और गेंदबाजी की ट्रेनिंग ले रही हैं। जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होगी। खबर हैं कि फिल्म के महत्वपूर्ण सीन की शूटिंग दुनिया के टॉप 4 क्रिकेट स्टेडियम में होगी। सूत्रों के ने बताया कि अनुष्का फिल्म की शूटिंग के लिए क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स स्टेडियम और इंग्लैंड के ही हेडिंग्ली स्टेडियम जाएंगी। भारत में भी अनुष्का की फिल्म की शूटिंग एक बड़े स्टेडियम में किए जाने की बात चल रही है। टॉप सूत्र ने यह भी बताया, यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने हाल में कर्णेश शर्मा की क्लीन स्लेट फिल्म के साथ स्पॉन्सरशिप की घोषणा की है जिसके मुताबिक प्रॉडक्शन हाउस 2022 में हेडिंग्ली स्टेडियम का मुख्य स्पॉन्सर होगा। तब यह लगभग निश्चित हो गया है कि अनुष्का यहां शूटिंग करेंगी। साथ ही अनुष्का लॉर्ड्स में भी शूटिग कर सकती हैं। ऐसा लग रहा है कि वह कम से कम दुनिया के 4 बड़े स्टेडियम में शूटिंग करेंगी।

मैथ्यू हेडन ने गुजरात टाइटंस को बताया अपनी पंसदीदा टीम

मुंबई । इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में अब तक 20 मैच खेले जा चुके हैं। 2 नई टीमों को अगर छोड़ दें, तब सभी पुरानी आठ टीमों ने कम से कम 4 मैच खेल लिए हैं। पांच टीमों के 6-6 अंक हैं, जबकि एक टीम अभी तक अजेय बनी हुई है। वहीं आईपीएल की दो सबसे सफल टीमों को अभी जीत का खाता खोलना बाकी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे मैथ्यू हेडन ने आईपीएल 2022 में अपनी फेवरेट टीम चुनी है। उन्होंने अपनी सबसे पसंदीदा टीम के तौर पर गुजरात टाइटंस को चुनाकर उसकी जमकर तारीफ की। हेडन को लगता है कि गुजरात टाइटंस वह टीम है, जिससे हर विपक्षी टीम को सावधान रहना चाहिए।

मप्र राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में मनवर्धन, दीप, तेजस, विवॉन प्री-क्वाटरफाइनल में

इन्दौर । मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में इन्दौर टेनिस क्लब में आयोजित आई.पी.एस. प्रथम मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिग टेनिस टूर्नामेन्ट में इन्दौर के मनवर्धन राखेचा, दीप मुनीम, विवॉन गौतम, तेजस पंचोली ने प्री-क्वाटरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

सोमवार से स्पर्धा के मुख्य दौर के मुकाबले शुरू हुए। पुरूष एकल के मुख्य दौर मुकाबले में मनवर्धन राखेचा (इन्दौर) ने राहुल यादव (इन्दौर) को 9-1 से, दीप मुनीम (इन्दौर) ने वीरभद्र सिंह (इन्दौर) को 9-4 से, उत्कर्ष तिवारी (ग्वालियर) ने सानिध्य चौधरी (महु) को 9-1 से तथा प्रत्यक्ष सोनी (खण्डवा) ने सूर्यांश यादव (इन्दौर) को 9-4 से श?िकस्त दी। अंडर-18 बालक एकल में तेजस पंचोली (इन्दौर) ने अद्वेय व्यास (इन्दौर) को 9-3 से, विवॉन गौतम (इन्दौर) ने विशाल चौधरी (इन्दौर) को 9-4 से, वैभव चिवडे

(भोपाल) ने विराट चौधरी (इन्दौर) को 9-5 से तथा अरनव घाटगे (इन्दौर) ने जयदेव शर्मा (ग्वालियर) को 9-4 से शिकस्त दी। वहीं अंडर-14 बालक एकल में खुशविन जेफरी (भोपाल) ने प्रथमेश राव (इन्दौर) को 8-3 से, पुष्पेन्द्र जाट (विदिशा) ने पार्थ खण्डेलवाल (इन्दौर) को 8-5 से, मोहम्मद आसिम (भोपाल) ने हुसैन सैफी (इन्दौर) को 8-1 से तथा गणेश स्वामी (महु) ने केशवराज चौहान (इन्दौर) को 8-3 से शिकस्त दी। प्रारंभ में स्पर्धा का शुभारम्भ आईपीएस के निदेशक अचल चौधरी, मप्र टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन व सचिव अनिल धूपर के आतिथ्य में हुआ। स्पर्धा का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया।

सीएसके की पारी की शुरुवात करे धोनी तब बदल सकती हैं टीम की किस्मत

मुंबई । आईपीएल के इतिहास में चेन्नई सुपरकिंग्स की हालत कभी इतनी बुरी नहीं हुई, जितनी मौजूदा सीजन में देखने को मिल रही। चार बार की चैंपियन सीएसके लगातार शुरुआती चार मैच हार चुकी है। टीम पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। न बल्लेबाज डिफेंडिंग चैंपियंस की तरह खेल रहे और न गेंदबाजी में वह धार नजर आ रही। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स निश्चित ही कुछ नए प्रयोग करना चाहिए। पार्थिव पटेल के पास भी एक आइडिया है। चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव के अनुसार महेंद्र सिंह धोनी को ओपनिंग करना चाहिए। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने 37 वर्षीय दिग्गज ने कहा, चेन्नई के पूर्व कप्तान धोनी को पारी की शुरुआत करने आना चाहिए। अगर वह 14-15 ओवर तक क्रीज पर टिकते हैं,तब आपको स्कोरबोर्ड में फर्क साफ नजर आ जाएगा। वह इसतरह के खिलाड़ी हैं, जो सालों से सीएसके को जिंदा रखे हुए हैं। धोनी ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत बतौर ओपनर की थी, क्यों न इस भूमिका को अपने करियर के अंतिम पड़ाव में लिया जाए? वह अभी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं और मुश्किल से 10-15 गेंद खेलते हैं। तब क्यों न धोनी नंबर 3 पर या शायद 4 या ओपनिंग करें।% माही ने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सबसे ज्यादा तीसरे नंबर पर बैटिंग की है, इस पोजिशन पर उन्होंने सात पारियों में एक अर्धशतक के साथ 188 रन बनाए हैं हालांकि वह आखिरी बार 2011 में इस नंबर पर दिखे थे। यह बात भी उतनी ही सच है कि धोनी ने टी-20 क्रिकेट में कभी ओपनिंग नहीं की। आखिरी बार 17 साल पहले माही ने यह जिम्मेदारी संभाली थी। तब अपने शुरुआती दिनों यानी 2005 में श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने वनडे में पारी का आगाज किया था। अगले साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जिम्मेदारी को उन्होंने बखूबी निभाया।

व्यापार न्यूज

स्टॉर्म मोटर्स नाम के स्टार्टअप ने लांच की स्टॉर्म आर 3

नई दिल्ली । मुंबई के एक इलेक्ट्रिक वाहन स्टार्टअप ने दावा किया है कि उन्होंने दुनिया की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार बनाई है और इतना ही नहीं इसके लिए कंपनी ने बुकिंग्स लेनी भी शुरू कर दी हैं। स्टॉर्म मोटर्स नाम के इस स्टार्टअप ने स्टॉर्म आर3 लॉन्च की है जिसकी कीमत सिर्फ 4.5 लाख रुपये है। अगर आप भी यह कार बुक करना चाहते हैं तो सिर्फ 10,000 रुपये टोकन राशि के साथ स्टॉर्म Rx बुक कर सकते हैं। कंपनी ने इस कार को तीन वेरिएंट्स में मार्केट में उतारा है। यह इलेक्ट्रिक कार बड़े साइज की सनरूफ के साथ आती है और इसे सिंगल चार्ज पर इसे 50 किमी तक चलाया जा सकता है। पहले पड़ाव में ये इलेक्ट्रिक कार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर और मुंबई के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है और कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक फिलहाल मुंबई, थाणे, नवी मुंबई, नई दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा के ग्राहक इस ईवी को खरीद सकते हैं। बात करें इसके लुक की तो दिखने में ये इलेक्ट्रिक कार काफी अनोखी और अट्रैक्टिव लुक के साथ आती है। मालूम हो कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बीते कुछ सालों में काफी इजाफा किया गया है और इसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ता है। मार्केट के इसी सेंटिमेंट को देखते हुए कार निर्माता कंपनियों ने कई सीएनजी कारें भी मार्केट लगातार उतार रही हैं।

शेल गुजरात में अपना पहला फिलिंग स्टेशन शुरू करेगी

नई दिल्ली । वैश्विक ऊर्जा कंपनी शेल गुजरात में अपना पहला फिलिंग स्टेशन शुरू होने के साथ ही ट्रक जैसे लंबी दूरी के परिवहन साधनों के लिए एलएनजी की खुदरा बिक्री के क्षेत्र में कदम रखेगी। शेल एनर्जी इंडिया के भारतीय कारोबार प्रमुख नकुल रहेजा ने इसकी जानकारी देकर कहा कि शेल ने भारतीय गैस बाजार में बडा दांव लगाने का फैसला किया है। रहेजा ने कहा, हम भारत में अपने खुद का एलएनजी स्टेशन शुरू करने की तैयारी में हैं। इसके लिए हम विस्तार की योजनाएं बनाई हैं, अगर सब कुछ योजना के मुताबिक चला तब इस कैलेंडर साल में ही हमारा पहला एलएनजी खुदरा स्टेशन गुजरात में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पहला एलएनजी स्टेशन विशिष्ट आउटलेट ही होगा, लेकिन भविष्य में पेट्रोल पंप के साथ ही एलएनजी बिक्री भी करने की योजना है। अगले साल इन स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम होगा। शेल गुजरात के हजीरा में 50 लाख टन वार्षिक क्षमता वाले तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात केंद्र का संचालन करती है, उसके कुछ पेट्रोल पंप भी हैं। अब वह ट्रकों एवं बसों के लिए एलएनजी की खुदरा बिक्री कर अपना कारोबार बढ़ाने की तैयारी में है।

पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, सब्जी-फल के बाद मंहगाई की मार टैक्सी-ऑटो किराये पर

नई दिल्ली । पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, सब्जी-फल, दाल, अनाज, मकान, गाड़ी सभी चीजों की महंगाई बढ़ने के बाद अब टैक्सी-ऑटो के किराया भी बढ़ने वाला है। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी के बेतहाशा बढ़ती कीमतों के बाद अब ऑटो व टैक्सी चालकों ने करीब 50 फीसदी तक किराया बढ़ाने की बात कही है। पिछले पांच सप्ताह में सीएनजी की कीमतें आठ बार बढ़ाई जा चुकी हैं। साल 2022 में अब तक सीएनजी 14 रुपये प्रति किलोग्राम से भी ज्यादा महंगी हो चुकी है। इसके बाद ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए पुराने किराया पर सवारियां ढोना मुश्किल होता जा रहा है। दिल्ली में 69.11 रुपये प्रति किलोग्राम के रेट में सीएनजी मिल रही है, जबकि गुरुग्राम में यह 77.44 रुपये के भाव बिक रहा है। इतना ही नहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी के दाम बढ़कर 71.67 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गए हैं। इसके बाद में ऑटो चालकों ने भी अब सवारियों से ज्यादा किराया वसूलना शुरू भी कर दिया है। गुरुग्राम के ऑटो चालक ने बताया कि इफ्को चौक से उद्योग विहार तक 6 किलोमीटर के पहले 100 रुपये लगते थे। सीएनजी के दाम में बड़ी बढ़ोतरी के बाद अब किराया भी 50 फीसदी बढ़ाकर 150 रुपये कर दिया जाएगा। हालांकि, दिल्ली में ऑटो चालक बिना सरकार की मंजूरी के किराया नहीं बढ़ा सकते और उन्हें मीटर से ही सवारी ले जाना होता है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला

सेंसेक्स 221 और निफ्टी 90 अंक नीचे खुले

मुम्बई । मुम्बई शेयर बाजार की मंगलवार को कमजोर शुरुआत हुई है। दुनिया भर के बाजारों से मिले

कमजोर संकेतों से सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नीचे आया है। सेंसेक्स सुबह खुलते ही 221 अंक नीचे आकर 58,744 पर खुला। वहीं निफ्टी भी 90 अंकों से नीचे आया ओर उसने 17,585 पर कारोबार शुरु किया। इसके बाद निवेशकों की बिकवाली जारी रही और सुबह सेंसेक?स 257 अंक नीचे आकर 58,708 पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 85 अंक फिसलकर 17,590 पर कारोबार कर रहा था। आईटी कंपनी टीसीएस को 2021-22 की अंतिम तिमाही में जबरदस्त लाभ हुआ जिससे उसके शेयरों की मांग बढ़ी। इसके अलावा डेल्टा कोरपोरेशन और सनटेक रियल्टी जैसे शेयरों में भी निवेशकों ने रकम लगायी। इसके अलावा सिपला, डॉ रेड्डी लैब, ओएनजीएसी, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर भी भारी मांग रही। इनमें जमकर खरीदारी होने से ये सबसे ज्यादा लाभ में रहने वाले शेयर रहे। वहीं इसके विपरीत हिंडालको , ग्रेसिम , टेक महिन्द्रा , विप्रो और टाटा जैसी कंपनियों के शेयरों से निवेशक बिकवाली के कारण नीचे आये हैं। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में भी 0.3 फीसदी की गिरावट आई।

रुपया गिरावट के साथ खुला

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया गिरावट के साथ खुला है। रुपये में यह गिरावट विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से आई है। इसी कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे नीचे आकर 76.05 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.05 पर खुला, यह पिछले बंद के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट दिखा रहा है। इससे पहले सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़कर 75.91 पर पहुंच गया था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया।

जल्द ही नेक्स्ट जेनरेशन मारुति ऑल्टो होगी लॉन्च

नई दिल्ली । चालू महीने में मारुति सुजुकी अपनी सस्ती 7 सीटर एमपीवी अर्टिगा को अपडेट कर पेश करने वाली है। लेकिन इन सबसे इतर एक और खुशखबरी यह है कि जल्द ही नेक्स्ट जेनरेशन मारुति ऑल्टो भी लॉन्च होने जा रही है, जिसकी हाल ही में फिर से झलक दिखी है। अब आप जानना चाह रहे होंगे कि नई मारुति ऑल्टो देखने में कैसी है और इसमें क्या-क्या खास फीचर्स देखने को मिलेंगे, तो आगे सारी डिटेल देखें। नई मारुति ऑल्टो के बारे में सबसे खास बात यह है कि यह हैचबैक इस बार अब तक के अपने सभी अवतारों से अलग होगी। यानी इसमें ज्यादा स्पेस होगा, जिसका मतलब है कि यह साइज में ज्यादा बड़ी और ऊंची होगी। इसे हियरटेक्ट प्लैटफॉर्म पर डिवेलप किया जाएगा, जिसपर कंपनी की एस-प्रेसो, सिलेरियो और वैगनआर जैसी हैचबैक कारें तैयार हुई हैं। मारुति अपनी नई ऑल्टो को मजबूती के साथ ही सेफ्टी के मामले में भी बेहतर करने की कोशिश में है, क्योंकि लोग आजकल सेफ्टी फीचर्स पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। नई मारुति ऑल्टो के लुक और डिजाइन की बात करें तो 2022 ऑल्टो बिल्कुल फ्रेश डिजाइन के साथ ही स्टाइलिश अवतार में आएगी। इसमें लंबी ग्रिल, नया बंपर और ज्यादा बड़े टेलगेट के साथ ही नए हेडलाइट और टेललाइट्स देखने को मिलेंगे। वहीं, इंटीरियर और फीचर्स की बात करें तो नई मारुति ऑल्टो में मौजूदा मॉडल के मुकाबले नया डैशबोर्ड और सेंट्रल कंसोल के साथ ही अपडेटेड टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, सेमी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल, कीलेस एंट्री, इंजन स्टार्ट-स्टॉप बटन और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी समेत कई स्टैंडर्ड फीचर्स देखने को मिलेंगे।

मध्यप्रधेश के गेहूं का होगा निर्यात

निर्यातकों और व्यापारियों से संवाद के लिये इन्दौर आया इजिप्ट का दल

इन्दौर । मध्यप्रदेश देश के सबसे बड़े गेहूं उत्पादक प्रदेशों में अव्वल स्थान पर है। मध्यप्रदेश के गेहूं के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा यहां के गेहूं के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। इन्हीं प्रयासों के सिलसिले में आज यहां इजिप्ट के वरिष्ठ अधिकारियों का दल इन्दौर आया। यहां उन्होंने निर्यातकों और व्यापारियों तथा अधिकारियों से गेहूं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने गेहूं के भण्डारण, उसकी शुद्धता और गुणवत्ता के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। इजिप्ट के दल ने चर्चा के दौरान कहा कि मध्यप्रदेश से गेहूं के निर्यात के संबंध में व्यापक स्तर पर विचार विमर्श जारी है। गंभीरता से पहल की जा रही है। चर्चा के दौरान बताया गया कि मध्यप्रदेश के व्यापारी और निर्यातक इजिप्ट जाकर निर्यात की पहल को अमलीजामा देंगे। पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दल के सदस्यों ने जानकारी प्राप्त की और संतुष्टि प्रकट की। मुख्यमंत्री चौहान की पहल पर इजिप्ट से आए प्रतिनिधि मण्डल में सुपरवाइजर ऑफ द पेस्ट रिस्क एनालिसिस यूनिट एट द सेंट्रल डिपार्टमेंट फॉर एग्रीकल्चर क्वारंटाइन इंजीनियर इस्लाम फरहत अब्देल अजीज अबो एल इला, इंस्पेक्टर ऑफ एग्रीकल्चर क्वारंटाइन एट द सेंट्रल डिपार्टमेंट फॉर एग्रीकल्चर क्वारंटाइन डॉ. सालेह अब्देल सतर बहिग अहमद तथा इंजीनियर अहमद रबिया

अब्दुल्ला अब्देल कादर शामिल थे। इस अवसर पर इन्दौर कलेक्टर मनीष सिंह, वाना टेरिटरी के नोडल अधिकारी एवं एपीईडीए मंत्रालय ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री भारत सरकार डॉ. सी.बी. सिंह, मध्यप्रदेश मण्डी बोर्ड के एडिशनल एमडी डी.के. नागेंद्र तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मण्डी बोर्ड सी.एस. वशिष्ठ, प्रशांत वाघमारे, पीयूष शर्मा, महेंद्र सिंह चौहान, नरेश परमार, प्लांट प्रोटेक्शन सलाहकार डॉ. रवि प्रकाश और प्लांट क्वारंटाइन संयुक्त निदेशक डॉ. संजय आर्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बताया गया कि मध्यप्रदेश में किसानों, व्यापारी और निर्यातकों के हित में गेहूं के निर्यात को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा हाल ही में कृषि निर्यात को प्रोत्साहित कर प्रदेश के किसानों को उनकी उपज गेहूं के बेहतर मूल्य दिलाने एवं राष्ट्रीय निर्यातकों/कृषि उद्योगों को प्रदेश मे ब?ावा देने के लिये आमंत्रित करने के उद्देश्य से पात्र निर्यातकों को मण्डी फीस की प्रतिपूर्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन भी कर दिया गया है। बैठक में कलेक्टर मनीष सिंह ने मध्यप्रदेश विशेषकर मालवा-अंचल और इन्दौर से गेहूं निर्यात के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने यहां उत्पादित गेहूं की विशेषताओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से गेहूं निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मध्यप्रदेश से लगभग 20 से 30 प्रतिशत गेहूं के निर्यात को बढ़ाया जा सकता है।

प्रोड्यूसर बनी शहनाज गिल

छोटे पर्दे के मशहूर विवादित शो बिग बॉस 13 में नजर आने वाली प्रतियोगी शहनाज गिल अक्सर सुर्खियों में बनी रहती है। शहनाज गिल को दर्शक ज्यादा पसंद करते हैं। जब से वो विवादित शो बिग बॉस 13 में आई हैं तब से शहनाज गिल लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। हालांकि बिग बॉस के शो में सिद्धार्थ शुक्ला के साथ शहनाज गिल की जोड़ी को फैंस भी काफी पसंद करते हैं। इन दोनों की दोस्ती, रोमांस और तकरार लोगों के बीच काफी ज्यादा मशहूर है। आज भी शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला की बॉन्डिंग शानदार है और दोनों एक दूसरे के जिगरी दोस्त कहे जाते हैं। सोशल मीडिया पर भी अक्सर एक-दूसरे की तारीफ करते हुए दिखाई देते हैं और टांग खिंचाई करने से भी पीछे नहीं हटते हैं। बता दें कि शहनाज गिल अब प्रोड्यूसर बन गई है। इस बात की जानकारी सिद्धार्थ शुक्ला ने उनको बधाई देते हुए दी है। शहनाज गिल ने एक लिटिल स्टार नाम का एक म्यूजिक वीडियो बनाया है और अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला काफी ज्यादा खुश हैं। और उन्होंने सोशल मीडिया पर उनको बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। जिसमें उन्होंने लिखा कि, हेलो शहबाज बादशाह मेरे लड़के तुमने अच्छा काम किया। मैंने गाने को और गाने में तुम्हें पसंद किया, बहुत टैलेंटेड। इसी तरह तरक्की करो तुम भी। इसी तरह तरक्की करो तुम। तुम अब प्रोड्यूसर बन गई हो। क्या बात है बॉस। वाह तुम्हें गदर मचा रखना है। अपने को भी किसी काम के लिए याद करना। गर्व है तुम पर। जाहिर है कि सिद्धार्थ शुक्ला के मुंह से अपनी तारीफ सुनकर शहनाज गिल भी काफी ज्यादा खुश होंगी। शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला की दोस्ती बिग बॉस 13 से ही बरकरार है।

अपने प्रियजनों को अपने करीब रखें: सनी लियोनी

सनी लियोन ने साझा किया कि उनके बच्चे निशा, अशर, नोआ और पति डेनियल वेबर ने उनके जन्मदिन पर उन्हें विशेष महसूस कराने के लिए खुद से छुआछूत से परे कर बेहतर किया, जो कि 13 मई को था। उन्होंने कहा, तो मेरे जन्मदिन पर मुझे विशेष महसूस कराने में लगाए गए सभी प्यार के लिए धन्यवाद। हम अपने आस-पास संसाधनों के कारण बनाते हैं, लेकिन निशा, अशर, नोआह और एदरेट99 ने खुद को छुआ-छूत से परे किया। आपके पास दुनिया की सभी चीजें हो सकती हैं। लेकिन परिवार के बिना आप कुछ भी नहीं हैं। उन्होंने आगे लिखा,मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं! भगवान भला करे और सभी को सुरक्षित रखें! अपने प्रियजनों को अपने पास रखें और हर कीमत पर एक-दूसरे की रक्षा करें !! माता-पिता के रूप में यह हमारा काम है कि हम अपने परिवार की रक्षा करें और अपने परिवार का भरण पोषण करें। घर के अंदर रहें और मास्क पहनें। काम के बारे में बात करे तो, सनी अगली बार फिल्म द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव और वेब श्रृंखला अनामिका में दिखाई देंगी।

स्वतंत्र संगीत में कोई सीमा नहीं होती : कौशल किशोर

गीतकार कौशल किशोर का कहना है कि फिल्मों या शो के लिए गीत लिखना स्वतंत्र रूप से गीत लिखने से बहुत अलग है । ध्यान देने वाली बात ये है कि कैसे आज के दर्शक केवल संगीत वीडियो के सितारों से परे, एल्बम बनाने से जुड़े सभी लोगों के बारे में अधिक जानते हैं। कौशल ने गायक संगीतकार विशाल मिश्रा के साथ नए गीत तू भी सताया जाएगा के गीत के लिए सहयोग किया है। एली गोनी और जैस्मीन भसीन स्टारर ये वीडियो एल्बम हाल ही में रिलीज किया गया है। उन्होंने बताया, फिल्म संगीत और स्वतंत्र गीतों में बहुत अंतर होता है। जब आप स्वतंत्र गीत पर काम कर रहे होते हैं तो कोई सीमा नहीं होती। इसीलिए इसे स्वतंत्र संगीत कहा जाता है। आप एक स्क्रिप्ट से बंधे नहीं होते हैं। हालांकि, कौशल को दोनों तरह के गाने पसंद हैं। उन्होंने कहा कि मैं दोनों माध्यमों का आनंद लेता हूं चाहे वह फिल्मी हो या गैर फिल्मी संगीत हो। ऐसे कई फिल्मी गाने हैं जिन पर मैंने काम किया है, जब फिल्में रिलीज होने लगेंगी। मुझे यकीन है कि लोग उन गानों को उतना ही पसंद करेंगे जितना वे हाल के दिनों में मेरे एकल संगीत को दे रहे है।

बेटे तैमूर को याद कर भावुक हुई करीना कपूर खान, छलक आए आंसू

इसमें कोइ दो राय नहीं है कि करीना कपूर खान बॉलीवुड की हॉट और ग्लैमरस मॉम है। करीना कपूर खान दो बच्चों की मां है। उन्होंने इस साल की शुरूआत में अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया है। उनके बड़े बेटे का नाम तैमूर अली खान है। जो अक्सर किसी ना किसी कारण सुर्खियों में बना रहता है। तैमूर अली खान बॉलीवुड की सबसे चर्चित और क्यूट स्टार किड है। जिसकी एक झलक पाने के लिए फैंस उतावले रहते है। बता दें कि करीना कपूर खान अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर परिवार की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उनके फैंस भी उनकी तस्वीरों को काफी पसंद करते है। अब करीना कपूर का एक पुराना वीडियो सामने आया है। जिसमे अभिनेत्री अपने लाडले बेटे तैमूर अली खान को याद करते रोने लगती है। बता दें कि करीना कपूर खान का ये वीडियो उनके डांस रिएलिटी शो डांस इंडिया डांस सीजन 7 का है। जिसमे अभिनेत्री नेशनल टीवी पर बेटे को याद कर भावुक हो जाती है और अपने आंसू नहीं रोक पाती है। करीना कपूर खान के डांस इंडिया डांस 7 के दौरान तैमूर को याद कर इमोशनल हो जाती है। करीना कपूर खान के आंसू छलक पड़ते हैं। वो अपने इस वीडियो में तमैर को याद कर भावुक हो जाती है और खुद को रोक नहीं पाती। करीना कपूर कहती हैं कि, मैं समझ सकती हूं कि मां होना क्या होता है। मुझे इस समय अपने बच्चे तैमूर की याद आ रही है। जो कि इस वक्त लंदन में है। अभिनेत्री के इस वीडियो को देखने के बाद उनके चाहने वालों की इस पर प्रतिक्रिया आ रही है। अगर हम बात करें करीना कपूर खान के काम से तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म लाल सिंह चड्ढा है। इस फिल्म में वो अभिनेता आमिर खान के साथ नजर आने वाली हैं।

पाक की सियासत

पाकिस्तान की सियासत का इतिहास बदस्तूर वैसा ही है, जैसा था। पाकिस्तान बनने के बाद अब तक कोई प्रधानमंत्री 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। इमरान भी नहीं कर पाए और करीब पौने चार साल में ही कुर्सी से उतार दिए गए। इमरान खान जब सत्ता में आए तो उन्हें पाकिस्तान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली उम्मीद के तौर पर देखा गया लेकिन 44 महीने बाद जब अविश्वास प्रस्ताव की वजह से इमरान को सत्ता से बाहर किया गया, तो ये सारी उम्मीदें उल्टी साबित हुईं। आलम ये है कि पाकिस्तान में महंगाई चरम पर है और उसकी जीडीपी और रुपए दोनों की हालत खस्ता है। 2018 में पाकिस्तान में चुनावी जीत के साथ पीएम बनने वाले इमरान को शुरू से ही सेना का समर्थन हासिल था। उन आम चुनावों में धांधली के आरोप लगे और माना जाता है कि सेना की मदद से इमरान सत्ता पर कब्जा करने में सफल रहे। लेकिन सत्ता संभालने के कुछ ही महीनों बाद इमरान और सेना में दूरियां बनने लगी। जानकारों का मानना है कि इसकी वजह काफी हद तक इमरान की खुद को पूर्व प्रधानमंत्रियों जुल्फिकार भुट्टो और नवाज शरीफ की तरह खुद को सेना के चंगुल से आजाद पीएम बनने की चाह थी। इसके बाद उन्होंने ऐसे कई कदम उठाए, जिससे उनके और सेना के बीच खाई चौड़ी होती गई। 2019 में इमरान ने पाक सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को कार्यकाल विस्तार को टालने की बहुत कोशिश, हालांकि इसमें सफल नहीं हुए। इसी तरह पिछले साल इमरान ने बाजवा के चहेते माने जाने वाले जनरल नदीम अंजुम को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के मुखिया पद पर नियुक्ति में टालमटोल करते रहे और जानबूझकर इसे लटकाने की कोशिश की। पिछले साल ही इमरान ने आईएसआई प्रमुख फैज हमीद को कोर कमांडर बनाकर पेशावर भेज दिया, जिससे बाजवा के रिटायर होते ही वह उनकी जगह सेना प्रमुख बन सकें। इमरान और सेना के संबंधों में आई दरार धीरे-धीरे इतनी चौड़ी हो गई कि वे दोनों एक दूसरे से लगभग हर मुद्दे पर अलग खड़े नजर आने लगे। हाल ही में इमरान रूस की यात्रा पर पहुंचे और उन्होंने यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर कुछ भी नहीं कहा। यह अमेरिका परस्त मानी जाने वाली पाक सेना के लिए झटका था, इसी वजह से अगले ही दिन जनरल कमर जावेद बाजवा ने यूक्रेन पर रूस के हमले को गलत बताने वाला बयान जारी कर दिया। इमरान यहीं नहीं रुके और उन्होंने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें हटाने की कोशिशों को विदेशी साजिश करार दिया और खुलकर इसके पीछे अमेरिका का हाथ होने का नाम लिया। ये अमेरिका समर्थक माने जाने वाली पाक सेना से एकदम उलट रुख है। इमरान ने जहां भारत की विदेश नीति की तारीफ की तो वहीं जनरल बाजवा ने ने कश्मीर-विवाद को बातचीत से हल करने की पेशकश की। जानकारों का मानना है कि वर्तमान संकट में भले ही सेना सीधे तौर पर शामिल नजर न आए लेकिन उसने सुप्रीम कोर्ट के जरिए इमरान को बाहर करने की राह बनाते हुए इमरान को झटका दे दिया है। इमरान पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के वादे के साथ सत्ता में आए थे, लेकिन अब जब वह रुखसत हो चुके हैं, तो पाकिस्तान सबसे बदहाल स्थिति में है। इमरान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान की जीडीपी 315 अरब डॉलर से गिरकर 264 अरब डॉलर की रह गई है। इमरान की सबसे बड़ी गलती इस साल जनवरी के बाद विपक्ष के मंसूबों में आए बदलाव को न भांप पाने की रही। विपक्ष ने इमरान और सेना के बीच चौड़ी होती खाई को मौके की तरह इस्तेमाल किया और एकजुट होकर इमरान पर हमला बोला।

सावधान पीने योग्य जल के लिए अगला विश्व युद्ध होने की सम्भावना

विनोद तकिया वाला

आदिकाल में जब श्रृष्टि का श्रृजन हुआ तभी से प्रकृति में जल का महत्वपूर्ण स्थान है। इस बात से हम भली भांति वाकिब है। मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भौतिक विकास के अंधी दौड़ में इतना पागल हो गया है कि उन्होंने प्रर्यावरण तक को नही छोड़ा है। खुराफाती मानव अपनी नीजि स्वार्थ सिद्धि व भौतिकवादी विकास के नाम पर अन्धाधुंध हरे -भरे जंगलों की कटाई,विशालकाय गगन चुम्बी कंकरीट के जंगलों का निर्माण कर रहा है। जंगल की रातों रात अवैध कटाई से आज प्रकृति का मिज़ाज व संतुलन बिगड़ गया है। परिणाम स्वरूप प्रकृति की संतुलन चक्र विगड़ने के कारण मानव को प्राकृतिक प्रकोप के रूप में बाढ सुखाढ़ % भुकंप ,महामारी का समाना करना पड़ रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना इसका ताजा उदाहरण है। बिन बुलायें मेहमान की तरह नित्य नवीन नये अवतार के रूप नये वेरियंट्स आ रहे है। सम्पूर्ण विश्व आज कोरोना के देश से कहारा रहा है।

विश्व के मान चित्र पर गौर करें तो पता चलता है % दो तिहाई भाग जल व एक तिहाई भु भाग पर आबादी है। जब इस श्रृष्टि कर्ता ने संसार का निर्माण किया होगा तभी उन्होंने जल के महत्वपूर्ण भूमिका भी निंधारित कर दी होगी। अर्थात मानव जीवन ही वरन सम्पूर्ण श्रृष्टि जल के बिना अधुरा ही नही असंभव है। जल बिन सारा जग सुना। जहाँ जल है वही जीवन की कल्पना की जा सकती है। यह हम नही बल्कि हमारे वैज्ञानिक भी इस बात को सत्य मानते है। विश्व के वैज्ञानिक की खुशी का ठिकाना इस बात का सबसे पुख्ता सबुत है-चाँद की सतह पर पानी होने की साक्ष्य मिले थें तभी तो कहा गया÷ जहाँ जल है वहाँ जीवन की अन्नत सम्भावना होती है

ऋतुराज के विदाई के साथ ग्रीष्म ऋतु के आगमन का शुभ संकेत की बानगी देखने को मिल गई है। परिणाम स्वरूप इन दिनो भगवान भुवन भास्कर सूर्य देव की टेड़ी नजर दिल्ली / एन सी आर वासियों पर पड़ रही है। सूर्य की उष्मा व प्रचण्ड गर्मी ने दिल्ली बासियों को कोप भाजन बनाना आरम्भ कर दिया है। ताप मान के बढते रिकार्ड व विगत सालों के टुटते रिकार्ड इस बात की ओर इंगित कर रहा है। इस वर्ष भी जल संकट होने वाला है। हमारे भु वैज्ञानिकों का मानना है कि बढ़ती गर्मी में पीने योग्य जल के लिए अभी सें संघर्ष चालू हो गया है हालाकि राहत की बात यह कि दिल्ली की वर्तमान केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वासियों को मुफ्त जल मुहैया करावा रही है। लेकिन देश की कई हिस्सों में पीने योग्य पानी के लिए त्राहि मान हो रहा है।

ऐसी विषम परिस्थितियों में भी बुद्धिजीवीयों में यह अवधारणा बनी हुई है कि हमारे पास जल का आपार भंडार है। लेकिन उनके इस अवधारणा के पीछे एक भयावह सत्य को स्वीकार करना होगा कि जल संकट तथा उसके कारण जन्में दुष्परिणामों की लम्बी श्रृंखला हैं। बुद्धिजीवीयों ने सिर्फ जल संकट की यथा स्थिति को आंखों के सामने रख कर यह अवधारणा बना रखी है। समाज व राष्ट्र के प्रति प्रत्येक जिम्मेदार नागरिकों को जल की यथा स्थिति और जल समस्या से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा व चिन्तन की आवश्यकता है। मानव जाति को जल समस्या से मुक्त करने में अपना योगदान दे। यह देश और दुनिया के हित में अति महत्व पूर्ण निर्णय होगा और सम्पूर्ण मानव जाति इस निर्णय का सम्मान करेगी।

यह बात शत प्रतिशत सत्य है कि प्रकृति ने हम सभी को हवा %पानी उपहार स्वरूप भेट दिया है। जल प्राकृतिक सम्पदा हैं। प्रकृति ने इस श्रृष्टि में निष्पक्ष रह कर अमृत रुपी जल को समस्त प्राणियों तक पहुंचा कर अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन किया है । लेकिन दुःख की बात यह है कि सरकार आज जिस पानी

की कमी को लेकर व्यथित हैं और अगले विश्व युद्ध की बात करते वह भू-गर्भ का निम्न %जल स्तर है और वस्तुत वह पानी पेड़ पौधों की अमानत है। मानव जाति ने विशाल शक्तिशाली पंपों का उपयोग कर के भू-गर्भ जल के स्तर को पेड़ पौधों की पहुंच से बहुत नीचे पहुंचा दिया है। प्रकृति ने जिस पानी को सिर्फ वनस्पति जगत यानी पेड़ पौधों के लिए ही रखा है और उस पर हमारा कोई अधिकार ही नही है। मानव जाति उस पानी का निरंतर दोहन कर के अपने उपयोग में ले रही हैं। यह पेड़ पौधों पर अत्याचार है। मैं भू-गर्भ जल के दोहन को मानव जाति की गैर जिम्मेदाराना हरकत है। प्रकृति के नियमों के अनुसार भू स्तर जल सभी जीव जगत की अनमोल अमानत है। जिसमें मानव जाति की हिस्सेदारी है। अगर हम सभी गहन चिन्तन मनन करें तो जल की कोई कमी नही है, क्योंकि प्रकृति हमें पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया कराती है। दुःख की बात यह है जल का उपयोग व संचयन सही तरीके से करे। बड़ भागी हम सभी भारत में जन्म लिया है। यह देश ऋषि मुनियों का जन्म स्थली है। तभी तो कहा गया है धन्य धन्य वह धरा जहाँ पतित पावनी गंगा युग युगान्तर से निरन्तर निंविधन बह रही है। पवित्र गंगा व गंगा जल की महिमा हमारे धर्म ग्रंथो में भी उल्लेख किया गया है। तभी तो भारत वर्ष नदियों का देश कहा गया। लेकिन विडम्बना देखे कि जीवन दायिनी गंगा कभी कभी वरदान की जगह अभिशाप बन जाती है। विविधता भरे इस देश में कही बाढ तो कहीं सुखाढ़ की भयावह स्थिति से हम जुझना पड़ता है। जानकारी व संसाधन के अभाव में वर्षा के जल का संचयन नही हो पा रहा है। सरकारी योजनाओं में जनता के गाडी कमाई के करोड़ों रुपए को पानी की तरह बहाया जाता है लेकिन जमीनी धरातल पर परिणाम नगण्य है। तभी तो ग़ालिब ने कहा है कि तेरे गलियों का मौसम सरकारी फाईलों में सुहाना है लेकिन वास्तविकता कुछ ओर है। जहाँ वर्षा ऋतू में करोड़ों घरों को डुबाते हुए अथाह पानी समुद्र में विलीन होते हुए हम अपनी आंखों से देखते हैं। प्रति वर्ष हमारी आवश्यकताओं का 4000 से 5000 गुना पानी समुद्र में मिलकर जहरीला हों जाता है। हालाकि यह अलग विषय है की हमने इस पानी को स्टोर करने का गंभीर प्रयास नही किया। आज तक हमने भू - जल स्तर के भण्डारण का गंभीर प्रयास नही किया क्योंकि हमारी लक्ष्य स्थली या केन्द्र बिन्दु भूगर्भ जल जल तक सीमित था और भूगर्भ जल हमें पर्याप्त पानी मुहैया करा सकता है इसी सोच के सहारे आगे बढ़ते गए। मानव जाति की यह सोच हमारी जल समस्या का मूल कारण है। भू - स्तर जल के भण्डारण पर ध्यान केन्द्रित करने से मात्र 4,5 वर्षो में हम जल समस्या को खत्म करके अतिरिक्त जल भण्डारण की स्थिति पर आ सकतें है क्योंकि प्रकृति हमारी आवश्यकताओं से हजारों गुना ज्यादा पानी प्रतिवर्ष मुहैया करा रही है।

शुद्ध भक्त सर्वोत्तम

निर्विशेषवादी के लिए ब्रह्मभूत अवस्था अर्थात ब्रह्म से तदाकार होना परम लक्ष्म होता है। लेकिन साकारवादी शुद्धभक्त को इससे भी आगे शुद्ध भक्ति में प्रवृत्त होना होता है। इसका अर्थ हुआ जो भगवद्भक्ति में रत है, वह पहले ही मुक्ति की अवस्था, जिसे ब्रह्मभूत या ब्रह्म से तादात्म्य कहते हैं, प्राप्त कर चुका होता है। परमेर या परब्रह्म से तदाकार हुए बिना कोई उनकी सेवा नहीं कर सकता। परम ज्ञान होने पर सेव्य तथा सेवक में कोई अन्तर नहीं कर सकता, फिर भी उच्चतर आध्यात्मिक दृष्टि से अन्तर रहता ही है। देहात्मबुद्धि के अन्तर्गत, जब कोई इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, तो दुख का भागी होता है, लेकिन परम जगत में शुद्ध भक्ति में रत रहने पर कोई दुख नहीं रह जाता। चूंकि ईश्वर पूर्ण है, अतएव ईश्वर से सेवारत जीव भी कृष्णभावना में रहकर अपने में पूर्ण रहता है। वह ऐसी नदी के तुल्य है, जिसके जल की सारी गंदगी साफ कर दी गई है। चूंकि शुद्ध भक्त में कृष्ण के अतिरिक्त कोई विचार ही नहीं उठते, अतएव वह प्रसन्न रहता है। वह न किसी भौतिक क्षति पर शोक करता है, न किसी लाभ की आकांक्षा करता है, क्योंकि वह भगवद् भक्ति से पूर्ण होता है। वह भौतिक जगत में न किसी को अपने से उच्च देखता है और न निम्न। ये उच्च तथा निम्न पद क्षणभंगुर है और भक्त को क्षणभंगुर प्राकट्य या तिरोधान से कुछ लेना-देना नहीं रहता। उसके लिए पत्थर तथा सोना बराबर होते हैं। यह ब्रह्मभूत अवस्था है, जिसे शुद्ध भक्त सरलता से प्राप्त कर लेता है। उस अवस्था में स्वर्ग प्राप्त करने का विचार मृगतृष्णा और इन्द्रियां विषदंतविहीन सर्प की भांति प्रतीत होती हैं। जिस प्रकार विषदंतविहीन सर्प से कोई भय नहीं रह जाता उसी प्रकार स्वत~ संयमित इन्द्रियों से कोई भय नहीं रह जाता। भक्त के लिए समग्र जगत वैपुंठ तुल्य होता है।

नई फ़सल कटने की खुशी का पर्व है वैसाखी!

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

गर्मियां शुरू होते ही जब गेहूं की फसल पक जाती है तो उसकी कटाई की खुशी का खास पर्व है वैशाखी।वैशाखी पर्व सिख धर्म के पवित्र पर्वो में से एक है। वैशाखी पर्व हर वर्ष 13 अप्रैल को मनाया जाता है,जो सौर वर्ष की शुरुआत का प्रतीक भी है।

वैशाखी विशेष रूप से पंजाब और उत्तर भारत के कई राज्यो में मनाया जाता है। सिख समुदाय के लिए वैशाखी का एक विशेष महत्व है क्योंकि यह खालसा की स्थापना का प्रतीक दिवस है। इस दिन, दसवें और अंतिम गुरु - गुरु गोबिंद सिंह ने सिखों को खालसा अर्थात शुद्ध लोगों के रूप में संगठित किया था। ऐसा करके, उन्होंने छोटे बड़े के मतभेदों को समाप्त कर दिया और मान्यता दी कि सभी मनुष्य एक समान हैं। सिख पंथ के नानकशाही कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह के पहले दिन को वैसाखी त्यौहार के रूप मे मनाया जाता है। हिंदू मतानुसार सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने अर्थात मेष संक्रांति के दिन वैसाखी त्यौहार होता है। मेष संक्रांति आमतौर पर 14 अप्रैल को ही पड़ती है, परन्तु हर छत्तीस साल में एक बार 15 अप्रैल को भी हो सकती है।

हालांकि खालसा की स्थापना के बाद, अब वैसाखी के लिए 13 अप्रैल को हमेशा के लिए ही स्वीकार कर लिया गया है। आमतौर पर एक गलत अवधारणा यह है कि वैसाखी चैत्र नववर्ष के दिन होती है। परंतु नववर्ष चैत्र प्रतिपदा के दिन पर मनाया जाता है, जो आमतौर पर मार्च और अप्रैल के किसी भी दिन पड़ सकता है। वैशाखी पंजाब के लिए एक फसल उत्सव है और पंजाबी कैलेंडर के अनुसार पंजाबी नए साल का प्रतीक है। पंजाब के गांवों में, वैशाखी के दिन मेले का आयोजन किया जाता है। इस दिन को किसानों द्वारा फ़सल के लिए धन्यवाद दिवस के रूप में भी माना जाता है, जिससे किसान अपनी अच्छी फ़सल होने पर

भगवान को धन्यवाद देते हैं और भविष्य की समृद्धि के लिए भी प्रार्थना करते हैं। वैशाखी मुख्य रूप से किसी गुरुद्वारे या फिर किसी खुले क्षेत्र में मनाई जाती है, जिसमें लोग भांगड़ा और गिद्दा डांस करते हैं। लोग तड़के सुबह उठकर गुरूद्वारे में जाकर प्रार्थना करते हैं।गुरुद्वारे में गुरुग्रंथ साहिब जी के स्थान को जल और दूध से शुद्ध किया जाता है।उसके बाद पवित्र किताब को ताज के साथ उसके स्थान पर रखा जाता है।फिर गुरुग्रन्थ साहब को पढ़ा जाता है और अनुयायी ध्यानपूर्वक गुरू की वाणी सुनते हैं।इस दिन श्रद्धालुयों के लिए विशेष प्रकार का अमृत तैयार किया जाता है जो सबको बाँटा जाता है।परंपरा के अनुसार, अनुयायी एक पंक्ति में लगकर अमृत को पाँच बार ग्रहण करते हैं।अपराह्न में अरदास के बाद प्रसाद को गुरू को चढ़ाकर अनुयायियों में वितरित की जाती है। अंत में लोग लंगर चखते हैं। वैशाखी के दिन से गेहूं, तिलहन, आदि की फसल की कटाई शुरू होती है। शाम के समय लोग आग के पास इकट्ठा होकर नई फसल की खुशियाँ मनाते हैं। इस दिन सुबह 4 बजे गुरु ग्रंथ साहिब को कक्ष से बाहर लाया जाता है और दूध और जल से प्रतीकात्मक स्नान करवाने के बाद तख्त पर बैठाया जाता है। इस दिन जगह-जगह लंगर का आयोजन किया जाता है। बैसाखी पर दिनभर गुरु गोविंद सिंह और पंच प्यारों के सम्मान में कीर्तन गाए जाते हैं। सिख धर्म में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी द्वारा बनाए गए खालसा पंथ की शुरुआत भी इसी दिन से ही हुई थी। इस दिन सिख धर्म के लोग गुरुद्वारों को सजाते हैं और जुलूस निकालते हैं।भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में बैसाखी को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जैसे, उत्तराखंड में इसे बिखोती के रूप में जाना जाता है। केरल में इसे विशु कहा जाता है और असम में इसे ÷बोहाग बिहू÷ कहा जाता है। बंगाल में इसे पाहेला बेशाख के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा तमिल में इसे पुत्थांडु और बिहार में जुर्शीतल के नाम से जाना जाता है। गुरु तेग बहादुर (सिखों के नवें गुरु) औरंगज़ेब से युद्ध करते हुए शहीद हो गये थे। तेग बहादुर उस समय मुगलों द्वारा हिन्दुओं पर किए जाने अत्याचार के ख़िलाफ़ लड़ रहे थे। तब उनकी मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र गुरु गोबिन्द सिंह अगले गुरु हुए। सन् 1650 में पंजाब मुगल आतताइयों, अत्याचारियों और भ्रष्टाचारियों का दंश झेल रहा था, यहाँ समाज में लोगों के अधिकारों का हनन खुलेआम हो रहा था और न ही लोगों को कहीं न्याय की उम्मीद नज़र आ रही थी।

प्लास्टिक की खोज और उसके पर्यावरणीय खतरे

सूडोकु नवताल- 6039

★★★★☆ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6038 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कुछ प्रमुख कारकों में से प्लास्टिक एक प्रमुख कारक है। 'प्लास्टिक' शब्द ग्रीक शब्द प्लास्टिकोज और प्लास्टोज से बना है, जिसका अर्थ है जो लचीला है या जिसे ढ़ाला, मोड़ा या मनमर्जी का आकार दिया जा सके। 21वीं सदी में पर्यावरण प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसके खतरों से पूरी दुनिया त्रस्त है। कनाडा के हैलीफैक्स शहर में तो वर्ष 2018 में प्लास्टिक कचरे के ही कारण इमरजेंसी लगानी पड़ी थी। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या दिनों-दिन विकराल हो रही है, जो न केवल हर दृष्टि से प्रकृति पर भारी पड़ रही है बल्कि मानव जाति के साथ-साथ धरती पर विद्यमान हर प्राणी के जीवन के लिए भी बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा देश को 'सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत' बनाने की दिशा में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की जा चुकी है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार उसके बाद पॉलीस्टाइनिन और एक्सपैंडेड पॉलीस्टाइनिन सहित सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। प्लास्टिक में बहुत सारे ऐसे रसायन होते हैं, जो कैंसर और हृदय रोग सहित कई गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। आज प्लास्टिक कचरे से देश का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं है और प्लास्टिक अब आम जनजीवन का इस कदर अहम

हिस्सा बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त नहीं हो पा रही है, न ही अब तक इसका कोई भरोसेमंद विकल्प खोजा जा सका है। यह जान लेना भी दिलचस्प और जरूरी है कि प्लास्टिक की खोज कब और कैसे हुई थी? हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर प्रकाशित अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने इसका उल्लेख विस्तार से किया है। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के मुताबिक मनुष्य निर्मित प्लास्टिक 'पार्केसाइन' का पेटेंट सबसे पहले वर्ष 1856 में बर्मिंघम इंग्लैंड के अलेक्जेंडर पार्क्स ने कराया था, जो 1862 में अपने वास्तविक रूप में दुनिया के सामने उस समय आया था, जब पहली बार 1862 में लंदन की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में उसे रखा गया था। प्राकृतिक रबर, जिलेटीन, कोलेजीन, नाइट्रोसेल्युलोज जैसे पदार्थ प्लास्टिक के पहले उपलब्ध पदार्थ थे। 1866 में अलेक्जेंडर पार्क्स ने पार्केसाइन कम्पनी बनाकर इसका बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया। पॉलिथीन दुनिया का सबसे लोकप्रिय प्लास्टिक है, जिसे सबसे पहले जर्मनी के हैंस वोन पैचमान ने वर्ष 1898 में अचानक ही खोज लिया था। प्रयोगशाला में एक प्रयोग करते समय उन्होंने सफेद रंग के मोम जैसा एक पदार्थ बनते देखा, जिसका नाम पॉलिथीन रखा गया। 1900 में पूरी तरह से सिंथेटिक, फिनोल और फॉर्मेल्डीहाइड का उपयोग करके प्लास्टिक बनाना शुरू कर दिया गया था और जर्मनी तथा फ्रांस में कैसीन से निर्मित प्लास्टिक का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो गया था।

बेल्जियम मूल के अमेरिकी नागरिक डा. लियो हेंड्रिक बैकलैंड ने भी प्लास्टिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने 1907 में फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड की अभिक्रिया में कुछ परिवर्तन करके सिंथेटिक पद्धति से एक ऐसा प्लास्टिक निर्मित किया, जिसका उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता था। उन्होंने फेनॉल तथा फॉर्मेल्डीहाइड को मिलाकर गर्म किया, जिसे ठंडा करने पर एक कठोर पदार्थ मिला। बाद में उन्होंने इसमें लकड़ी का बुरादा, एस्बेस्टस और स्लेट पाउडर मिलाकर कई और चीजें भी बनाई। बेकलैंड के नाम पर ही उस नए प्लास्टिक का नाम 1912 में 'बैकेलाइट' रखा गया था। अपने इस आविष्कार के बाद बैकलैंड ने कहा भी था कि अगर वह गलत नहीं हैं तो उनका यह अविष्कार (बैकेलाइट) भविष्य के लिए अहम साबित होगा। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद प्लास्टिक बनाने की तकनीक में जबरदस्त विकास हुआ।

नाचो-गाओ, खुशियां मनाओ कि आई बैसाखी

योगेश कुमार गोयल
(बैसाखी पर विशेष)

भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे यहां बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर से पंजाब का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाईयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो इस दिन खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढ़ोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरूद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत में और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्यौहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरुआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परम्परा रही है।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरू गोबिन्द सिंह जैसे महापुरूषों के महान् आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पदि्चन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

सभी बच्चे स्वयं वैक्सीन लगवाएं और परिजनों को भी लगवाने के लिए प्रेरित करें: त्यागी

एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल जौरा में माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित हुआ कार्यक्रम

जौरा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय एवं भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश प्रदेश कार्यालय एवं भारतीय जनता पार्टी जिला मुरैना के जिलाध्यक्ष माननीय डॉ योगेश पाल गुप्ता के निर्देशानुसार मंगलवार को माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने हेतु एक कार्यक्रम एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल संचालक एलएन त्यागी के यहां पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश त्यागी ने सभी बच्चों से कहा कि आप लोग तो स्वयं वैक्सीन लगवाए और आपके ऐसे परिजन जो किन्ही कारणवश वैक्सीन लगवाने से छूट गए हैं, उन्हें भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि हमारे देश में निःशुल्क वैक्सीन हर स्तर के लोगों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। यदि आप जागरूकता उत्पन्न करेंगे तो आपके परिजन भी टीका लगवा कर सुरक्षित होंगे और भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। सरस्वती पूजन से एच एल हायर सेकेंडरी स्कूल के रामकृष्ण परमहंस हॉल में प्रारंभ हुए। इस कार्यक्रम में बच्चों को प्रेरित करने के लिए राधा मोहन शर्मा जिला संयोजक, शिक्षा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष पंकज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष शगुन चंद जैन, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, नवनिर्वाचित युवा मंडल अध्यक्ष सोनू त्यागी, जिला मंत्री युवा मंडल उमेश त्यागी उर्फ बंटी त्यागी, डॉ आसाराम कुशवाहा, एचएल स्कूल एवं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के बच्चे एवं उनका स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आसाराम कुशवाहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ अभिनंदन

एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों के प्रोत्साहन हेतु जो कार्यक्रम आयोजित किया गया उसमें युवा मंडल अध्यक्ष सोनू त्यागी एवं युवा मंडल जिला मंत्री उमेश कुमार त्यागी उर्फ बंटी का भी सभी ने स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से टीका लगवाने के लिए आवाहन किया।

समरस ग्रामों में प्रत्येक परिवार को योजना का लाभ दिया जायें: कमिश्नर

मुरैना। चंबल-ग्वालियर संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सैना की अध्यक्षता में बीट समाधान केन्द्रों पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम की वर्चुअली अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण दोनो पक्षों की आपसी सहमति से किया जायें। इससे राजस्व अदालतों में लंबित मामलें में भी कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि बीट समाधान केन्द्रों पर राजस्व अमले के साथ ही ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा पुलिस विभाग के अमले द्वारा आपसी सहमति से लंबित मामलें निराकृत करने की कार्यवाही प्राथमिकता से की जायें। कमिश्नर आशीष सक्सैना ने इस दौरान जिलें में चयनित किये गये समरस ग्रामों के संबंध में निर्देश दिये कि समरस गांव के प्रत्येक परिवार को पात्रतानुसार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभ प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें तथा वित्तय एक वर्ष में दिये गये लाभ का आंकलन कर जानकारी तैयार की जायें। उन्होंने कहा कि समरस ग्रामों में शासन द्वारा संचालित 544 योजनाओं में से पात्रतानुसार लाभ प्रदान किया जायें। इस अवसर पर समस्त राजस्व अधिकारी जुड़े हुये थे।

लायंस क्लब समन्वय द्वारा आयोजित की गई भजन संध्या

मुरैना। लायंस क्लब मुरैना समन्वय द्वारा होटल राधिका पैलेस में भजन संध्या एवं प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन संध्या का कार्यक्रम सरकार म्यूजिक इवेंट्स द्वारा कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसमें पंडित मयंक शर्मा एवं उनके अन्य साथी कलाकारों द्वारा भजन करवाया गया। इस मौके पर जोन चेयरपर्सन निधि गुप्ता,चार्टर प्रेसिडेंट मीना गुप्ता, अध्यक्ष किरण गुप्ता, सचिव कल्पना चांदिल, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

टीएसएस विद्यालय के छात्रों को यातायात के प्रति किया जागरूक

मुरैना। यातायात पुलिस व्दारा स्थानीय टी.एस.एस. स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों कों यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्हें नियमों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया। यातायात सूबेदार मधुरिमा एवं अखिलेश सिंह ने विद्यालय के छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक इंजीनियरिंग, रोड साइन बोर्ड के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही यह भी समझाया गया कि आप बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलायें और अपने मित्रों एवं परिजनों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर सूबेदार मधुरिमा, सउनि कमलेश, प्र.आर. सुनील व आर. विजय व्दारा सभी छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने व कराने के लिये शपथ दिलाई गई।

माटी शिल्पियों, कामगारों को कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

मुरैना। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत मुरैना द्वारा मध्यप्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा माटी कामगारों, शिल्पियों को कौशल प्रशिक्षण योजनांतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके लिये 15 दिवसीय प्रशिक्षण की अवधि नियत की गई है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आवासीय रहेगा, जिसमें 18 से 45 वर्ष की आयु के शैक्षणिक आर्हता कक्षा 5 धारित इच्छुक व्यक्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जिला पंचायत कार्यालय के कक्ष कमांक 205 में प्रस्तुत करें।

जनसुनवाई में 86 आवेदकों को सुना

मुरैना। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से 1 बजे तक करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर बी. कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में जनसुनवाई 12 अप्रेल को नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में संयुक्त कलेक्टर सुरेश बराहदिया एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वंदना जैन द्वारा की गई। जनसुनवाई में कुल 86 आवेदन प्राप्त हुये। जिनमें से 36 आवेदन ऐसे पाये गये, जिन्हें 24 घंटे के अंदर निराकरण किया जा सकता था। उन आवेदनों को तत्काल व्हाटसएप के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को भेजकर सूचना दी गई कि इन आवेदनों का निराकरण करने के लिये व्हाटसएप पर दिया गया है, जिनका निराकरण 24 घंटे के अंदर करके पत्रक अगली जनसुनवाई में अधिकारी साथ में लेकर आयें। इसके अलावा अन्य 50 आवेदनों को जनसुनवाई की समय-सीमा के तहत पंजीबद्ध किया गया और उनका निराकरण शिकायत शाखा से कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अरहेल गांव का एक आवेदन खाद्यान्न न मिलने का प्राप्त हुआ और तीन आवेदन राजस्व विभाग के प्राप्त हुये, जिसमें राजस्व में अमल करने की गुहार लगाई है तथा पांच आवेदन विकलांगों के पाये गये, जिनका विकलांग सर्टिफिकेट बनाने के निर्देश बोर्ड को दिये गये हैं। इस प्रकार सभी आवेदनों पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिये हैं।

सृजल भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री मनोनीत

मुरैना। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू परमार ने भाजपा युवा नेता सृजल डण्डौतिया को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला मंत्री घोषित किया है। सृजल डण्डौतिया एक दशक से ज्यादा समय से सक्रिय राजनीति में है। श्री डण्डौतिया इससे पहले युवा मोर्चा में संभागीय मीडिया प्रभारी के पद पर थे। उनके जिला मंत्री बनने पर भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही भाजपा बरिष्ठ नेतृत्व का आभार किया है एवं सृजल डण्डौतिया को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में भाजपा जिला महामंत्री चारु डण्डोतिया, जिला मंत्री अरुण परमार, जिला कार्यलय मंत्री राजेश सिकरवार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल पचौरी, जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया, भाजपा नेता अवधेश पाराशर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेज खान रविन्द्र वेसला, हेमंत शर्मा भूपेंद्र सिकरवार के नाम शामिल है।

पश्चिम मंडल ने कोविड टीकाकरण का किया आयोजन

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम द्वारा सामाजिक न्याय पखवाडा के तहत निःशुल्क कोविड टीकाकरण योजना का कार्यक्रम सिटी डिस्पेंसरी महामाया मन्दिर के सामने आयोजित किया गया है। मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता एवं कार्यक्रम आयोजक दिलीप डंडोतिया (जिला प्रभारी सोशल मीडिया भाजपा) की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर टीकाकरण कराने वाले लाभार्थियों का चंदन, तिलक, माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं टीकाकरण से होने वाले स्वास्थ लाभ से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सजंय शर्मा, श्रीमती मधु डंडोतिया, जिला महामंत्री अरविन्द सिकरवार, गुडुआ, जिला कार्यालय मंत्री राजेश रामनाथ सिकरवार, मंडल महामंत्री दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष पूर्व अनूप जैन, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती माला सिंह, अनु.जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश खटीक, जिला अध्यक्ष दिलीप पिप्पल, युवा मोर्चा जिला जिला उपाध्यक्ष किशोर शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बालिका नेत्रहीन विद्यालय का संचालन रेडक्रॉस द्वारा किया जायेगा: डॉ शुक्ला

मुरैना। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशों के तहत भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मुरैना की प्रबंध की समिति की बैठक चेयरमेन डॉ. ओपी शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में डॉ. दिलीप प्रेमी, नरेश अग्रवाल, एमएल मित्तल, सत्येन्द्र सिंह परमार और शशिकान्त गोयल उपस्थित थे। चेयरमेन डॉ. ओपी शुक्ल ने कहा है कि बालिका नेत्रहीन विद्यालय का संचालन रेडक्रॉस द्वारा किया जायेगा। विद्यालय में नेत्रहीन बालिकाओं के एडमिशन कराने के लिये प्रचार-प्रसार कराने हेतु सचिव और प्रभारी को अधिकृत किया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व से संचालित बालक नेत्रहीन विद्यालय की भांति बालिकाओं के लिये भी दृष्टिबाधितों के हितों को दृष्टिगत रखते हुये स्कूल संचालित किया जाये, जिसकी देखरेख के लिये रेडक्रॉस की ओर से डॉ. एकता डंडोतिया को अधिकृत किया है। डॉ. एकता ने भी अपनी सहमति दी है।

रेडक्रॉस बालक नेत्रहीन विद्यालय

बैठक में बताया गया कि पूर्व की भांति आवासीय नेत्रहीन विद्यालय का संचालन किया जायेगा। जिसमें 1 मई से अवकाश करने पुनः 1 जुलई से स्कूल डॉ. नरेश अग्रवाल की देखरेख में संचालित किया जायेगा।

वृद्धाश्रम का संचालन

रेडक्रॉस द्वारा वृद्धाश्रम का संचालन किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी देखरेख के लिये फिलहाल विद्यालय की वार्डन श्रीमती रिंकी तोमर को अन्य आदेश तक अधिकृत किया है। चूंकि श्रीमती तोमर का निवास वृद्धाश्रम में ही होने से ये अपने कार्य के साथ-साथ वृद्धाश्रम का कार्य भी देखती रहेंगी। इनके कार्य की समीक्षा के लिये रेडक्रॉस की ओर से डॉ. दिलीप प्रेमी एवं डॉ. बीएल राजपूत को अधिकृत किया है। जो वृद्धाश्रम के संचालन में मार्गदर्शन करेंगे।

अंबाह की 55 ग्राम पंचायतों में जलाभिषेक के कार्यक्रम शुरू

मुरैना। जनपद पंचायत अम्बाह अंतर्गत् जलाभिषेक अर्थात् जल से अभिषेक नाम को साकार करती हुई, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जाने वाला यह अभियान (कार्यक्रम) का शुभारम्भ जनपद पंचायत अम्बाह की ग्राम पंचायत कोलुआ में अमृत सरोवर तालाब के भूमि भूजन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी अम्बाह श्री राजीव समाधिया द्वारा की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सुमन चक चौहान एवं तहसीलदार, सहायक यंत्री, एपीओ मनरेगा, बीसी एसबीएम, उपयंत्री, बीएम एनआरएलएम, सरपंच, सचिव, गाम रोजगार साहायक और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम में बड़ी धूम-धाम से कलश यात्रा निकाल कर सभी ग्राम वासियों को जल संरक्षित करने हेतु जागरूक किया। जल स्तर मे निरन्तर गिरावट हो रही है, जो कि चिन्ता का विषय है, क्योंकि जल जीवन का आधार है, जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस दिशा में सभी का सामूहिक प्रयास ही सफल हो सकता है, इसलिये शासन जल अभिषेक कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता के साथ-साथ ऐसी संरचनाओं के निर्माण को भी बनाने पर बल दे रहा है। जिससे अधिक से अधिक जल का संचय हो सके। 13 अमृत सरोवर (तालाब) 42 सोकपिट, ल्रीचपिट आदि कार्यों का शुभारम्भ जनपद पंचायत अम्बाह की सभी 55 ग्राम पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना रोशन कुमार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान के कुशन नेतृत्व में किया गया।

धोखाधड़ी से कर ली नाम करा ली अब दे रहा गोली मारने की धमकी

पहले से भी कई धोखाधड़ी के मामले हैं दर्ज

पुष्पांजलि टुडे
अनिल कुशवाह

शिवपुरी खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में आवेदन देने आए अमर सिंह जाटव ने बताया की उसके साथ धोखे से मनोज गुप्ता सेसई वाले नए ने जमीन को धोखे से एग्रीमेंट करवा लिया और हमें जान से मारने की धमकी दे रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमर सिंह जाटव की भूमि छल ज़एवं धोखाधड़ी तथा बलपूर्वक हड़पने का प्रयास करने की घटना इस प्रकार है कि अमर सिंह जाटव को अपनी पुत्री का विवाह करने हेतु एवं अन्य पारिवारिक आवश्यकताओं हेतु रूपयों की आवश्यकता होने से हम प्रार्थीगण द्वारा दिनांक 12.04, 2010 को अपनी कृषि भूमि स्थित ग्राम गोरा कस्बा तह, कोलारस सर्वे नं. 341, 348/1

एवं सर्वे नं. 344 कुल किता 03 कुल रकबा 2.121 80 भूमि को 1,33,0002 रुपये प्रति बीधा में विक्रय करने का अनुबंध पत्र ज़ मनोज कुमार गुप्ता निवासी शिवपुरी से किया गया तथा अनुबंध संपादित करते समय मनोज गुप्ता द्वारा अमर सिंह को 1,00,000/ रूपया नगद बयाना स्वरूप दिया गया तथा अनुबंध मुताबिक दिनांक 31. 10.2010 तक शेष संपूर्ण धनराशि अमर सिंह को देकर भूमि की रजिस्ट्री कराने की बात कही गई थी लेकिन अनुबंध पत्र संपादित करने के पश्चात जब अमर सिंह को और अधिक रुपयों की आवश्यकता होने पर अमर सिंह द्वारा मनोज गुप्ता से कहा गया कि हमें कुछ रुपयों की आवश्यकता है। आप हमारी जरूरत मुताबिक रूपया दे दो जो वक्त रजिस्ट्री शेष धनराशि में आप कम कर लेना। इस पर मनोज गुप्ता द्वारा कहा गया कि ओर अधिक धनराशि की आवश्यकता है तो नवीन अनुबंध पत्र संपादित करना होगा जिस पर अमर सिंह द्वारा सहमति व्यक्त की गई। दिनांक 22 जुलाई 2010 को द्वितीय अनुबंध पत्र संपादित करने हेतु मनोज गुप्ता द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय पर प्रार्थीगण को बुलाया तथा कहा कि तुम्हें जो धनराशि चाहिये वह ले जाओ और नवीन अनुबंध पत्र संपादित कर दो, जब अमर सिंह रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे तो रजिस्ट्रार महोदय कोलारस श्री इन्द्रप्रकाश शुक्ला के समक्ष मनोज गुप्ता से बात हुई तथा एक नवीन अनुबंध पत्र अमर सिंह एवं मनोज गुप्ता तथा रजिस्ट्रार इन्द्रप्रकाश शुक्ला के ड्राईवर मोहन कुमार के शर्मा मध्य होना टाईप कराया गया जिसमें अमर सिंह की उक्त भूमि मात्र तीन लाख रूपये में विक्रय किये जाने तथा 2,50,000/- रूपये एडवांस बतौर देने तथा शेष धनराशि 50,000.00 रूपये वक्त रजिस्ट्री देने का लेख किया गया तब अमर सिंह द्वारा 2010 को संपादित हुआ

प्रेक्षक श्री भारती ने किया दावे आपत्ति केंद्रों का निरीक्षण

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2022 हेतु शिवपुरी जिले के लिए नियुक्त किए गए प्रेक्षक श्री आर.पी.भारती द्वारा नगर परिषद पिछोर के दावे आपत्ति केंद्रों पर जाकर प्राधिकृत कर्मचारियों के द्वारा लिए जा रहे दावे आपत्तियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 1 पीडब्ल्यूडी कार्यालय पिछोर पहुंचकर प्राधिकृत कर्मचारी मुकेश गुप्ता तथा वार्ड क्रमांक 2 बीआरसीसी कार्यालय पिछोर के प्राधिकृत कर्मचारी मनीष चौबे के द्वारा किए जा रहे कार्य का बारीकी से निरीक्षण करके उनको आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। प्रेक्षक भारती द्वारा बताया गया कि किसी भी मतदाता का नाम बगैर किसी कारण के विलोपित नहीं होना चाहिए तथा संबंधित को नाम काटने से पूर्व नोटिस के माध्यम से उसको सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय की गई जांच सूची का प्राधिकृत कर्मचारी गहन अध्ययन करके उसके उपरांत उस पर कार्रवाई करें तथा यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी भी व्यक्ति का नाम दो जगह की मतदाता सूची में दर्ज ना हो। प्रेक्षक भारती ने बताया कि प्राधिकृत कर्मचारी का दायित्व है कि उसकी मतदाता सूची त्रुटि रहित हो। इस मौके पर नगर परिषद पिछोर के सीएमओ राघवेंद्र पालिया, निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी, जनपद पंचायत पिछोर के पीआई टेंगर ए मुकेश गुप्ता, मनीष चौबे, सौरभ पुरोहित एवं फिरोज खान आदि प्राधिकृत कर्मचारी उपस्थित रहे।

बदरवास अचानक आतिशबाजी सामग्री में विस्फोट हुआ 1 दर्जन लोग चपेट में दो की मौत

शिवपुरी. खबर शिवपुरी जिले की तहसील बदरवास के एसबीआई बैंक के सामने से है यहाँ हम आपको बता दें कि एसबीआई बैंक के सामने एक घर में आतिशबाजी की सामग्री रखी हुई थी वही उनका निवास है अचानक से आतिशबाजी सामग्री में आग लग गई आग लगने के कारण एक दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं वहीं दो की मौत हो गई है जानकारी के अनुसार एसबीआई बैंक के सामने पप्पू मंसूरी बबलू मंसूरी का निवास है वही उनका आतिशबाजी का गोदाम है बताना होगा कि पप्पू मंसूरी और बबलू मंसूरी दोनों भाई हैं और आतिशबाजी का काम करते हैं वही आतिशबाजी के काम में उनकी लेबर के एक दर्जन लोग भी वहीं मौजूद थे बताना होगा कि अचानक आतिशबाजी में विस्फोट हुआ और आग लग गई जिसकी चपेट में लेवर सहित परिवार के लोग आ गए एक दर्जन लोग गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेपर किए गए हैं वहीं एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई है. खबर मिलते ही बदरवास थाना पुलिस तुरंत सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे और राहत पहुंचाने का कार्य किया मंगलवार होने के कारण कलेक्टर साहब जनसुनवाई में बैठे हुए थे खबर मिलते ही तुरंत उठ कर एसपी साहब के साथ मौके पर बदरवास पहुंचे और मौके का मुआयना किया इस प्रकार से आग लगने के कारण का पता लगाने की कोशिश की जा रही है अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार के लोग शिवपुरी जिला अस्पताल मैं भर्ती है वही चार लोगों को गुना के लिए रेफर किया गया था वह भी गुना जिला चिकित्सालय में भर्ती है दो लोगों की मृत्यु अभी तक हो गई है।

महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चित्र पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित करके फल बिस्किट एवं मिठाई बांटकर जयंती

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-शिवपुरी मैं बहनों द्वारा विजय पुरम कॉलोनी वार्ड नंबर 11 में महात्मा ज्योतिबा फुले जी के चित्र पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित करके फल बिस्किट एवं मिठाई बांटकर जयंती मनाई महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे ने महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवनी के बारे में बच्चों बा महिलाओं को बताया भारतीय विचारक, समाजसेवी,लेखक, मातृशक्ति के उत्थान के लिए काम करने वाले सामाजिक रूढ़ियों उन्होंने परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाते हुए उन्होंने स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, पुनर्विवाह, जातिगत शोषण, बाल विवाह आदि सामाजिक विषयों पर लोगों को जगाया ऐसे महान महात्मा ज्योतिबा फुले जी को शत शत नमन करते हैं कार्यक्रम में सभी महिला मोर्चा की बहनें उपस्थित रही जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती सीमा शिवहरे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती उषा भार्गव जिला महामंत्री श्रीमती नीलम बघेल जी जिला मंत्री नीतू बाथम जिला मंत्री नीलम चंदेल जिला मंत्री जिला मंत्री बबीता जाटव सह कार्यालय मंत्री मुन्नी कुशवाह जिला मंत्री बबीता राठौर मीडिया प्रभारी राखी सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती अनीता सविता सह प्रचार मंत्री मधु जोशी लक्ष्मी कुशवाहा भूरी शिवहरे और भी बहने उपस्थित रही।

नगर निगम के पूर्व इंजीनियर ने पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

भोपाल। शाहपुरा के रुद्राक्ष फेस 1 रहने वाले 29 साल के नगर निगम के पूर्व सिविल इंजीनियर आकाश तिवारी ने फांसी लगा ली। उसकी आठ माह पहले ही शादी हुई थी। पुलिस का कहना है कि रविवार रात में उसका अपनी पत्नी से पुराने दोस्त को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद गुस्से में पत्नी छत पर चली गई थी और पति कमरे में चला गया। कुछ देर बाद में पत्नी छत से नीचे कमरे में पहुंची तो पति को फांसी पर लटका पाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहपुरा थाने के एएसआइ बृजेंद्र निगम के मुताबिक आकाश तिवारी चार माह पहले नगर निगम में संविदा पर सिविल इंजीनियर था। बाद में उसने किसी कारण से नौकरी छोड़ दी थी।

पूनम राजोरिया बनी महिला बाल विकास सांसद प्रतिनिधि मंडल ने दी बधाई

राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे

पिछोर । भारतीय जनता पार्टी नवनियुक्त श्रीमती पूनम राजोरिया को भारतीय जनता पार्टी पिछोर से प्रथम स्थान दिया गया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती पूनम राजोरिया के लिए महिला बाल विकास सांसद प्रतिनिधि चुना गया है जिसमें समस्त भारतीय जनता पार्टी पिछोर मंडल ने श्रीमती पूनम राजोरिया को महिला बाल विकास सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर बधाई एवं मुबारक दी है एक अनुभवी ईमानदार लगन शील महिला एवं बाल विकास सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है जिसमें पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है और उन्हें भारतीय जनता पार्टी पिछोर से प्रथम स्थान दिया गया है जिसमें पिछोर क्षेत्र में खुशी की लहर छाई हुई है जन-जन की प्यारी पूनम राजोरिया का कार्यकाल लोगों की सेवा में हमेशा ही रहता है एक समाज सेवक जनसेवा सदैव रहता है अनुभवी श्रीमती पूनम राजोरिया भारतीय जनता पार्टी में आम कार्यकर्ताओं की तरह सक्रिय रहती हैं एवं गरीब असहाय लोगों की सेवा पर हमेशा की आगे रहती हैं इसलिए पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें उनके लिए पिछोर मंडल से महिला बाल विकास सांसद प्रतिनिधि चुना गया है जिसमें पिछोर क्षेत्र वासियों ने सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर श्रीमती पूनम राजोरिया के लिए हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं दी है साथ ही उनके लिए मंडल द्वारा बधाई दी गई है श्रीमती पूनम राजोरिया के कार्यकारिणी की बात की जाए तो पिछोर से सब प्रथम स्थान पर रहती हैं जिसमें सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना सामाजिक सेवा करना पार्टी में बेहतरीन गरीब असहाय लोगों की सेवा करना एवं पार्टी के लिए मजबूती से चलाना और लोगों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देना उनका पहला दायित्व है जो हमेशा ही श्रीमती पूनम राजोरिया आगे रहती हैं सदैव समाज सेवा करना उनका पहला कर्म है इसलिए पार्टी द्वारा निर्णय लिया गया जिसमें उनके लिए महिला बाल विभाग सांसद प्रतिनिधि चुना गया है।

विश्व हिंदू परिषद शोभा यात्रा में रामभक्तों ने लगाए जय श्री राम के नारे

अरूण खंगार पुष्पांजली टुडे

पोहरी । पिछले 2 साल से कोरोना के कारण रामनवमी के सर्वजनिक त्यौहार ढंग से नहीं हो पा रहे थे लेकिन इस बार हालत सामान्य होने के बाद पोहरी नगर में रामनवमी के उप्लक्ष पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा पोहरी नगर जय स्तंभ चौराहा भागवा एवं ध्वज के साथ दुल्हन की तरह सजाया गया शोभ यात्रा का आयोजन किया गया जो सोनी पुरा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से निकलते हुए किले के अंदर मुरली मंदिर होते हुए आगे बढती गई इस दौरान डीजे पर थिरकते हुए राम जी की सेना चली एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम के धुन पर राम भक्त ठुमका लगाते नजर आए होते हुए कटरा मोहल्ला मार्ग से निकलते हुए राम भक्त लाडलो ने सतरंगी का ठंडा पानी पिला कर स्वागत सत्कार किया आदर्श विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई यह बता दे कि सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

रक्तदान करने से मन को खुशी मिलती है : अध्यक्ष राहुल भोला

फोटोग्राफर एसोसिएशन ने ब्लड बैंक में पहुंच कर किया स्वैच्छिक रक्तदान

अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

शिवपुरी-रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई दान नहीं पीड़ित मानव की सेवा के लिए फोटोग्राफर साथी हमेशा तैयार हैं द्य रक्तदान करने से मन को खुशी एवं शांति का सुख प्राप्त होता है द्य इसी उद्देश्य को लेकर भीषण गर्मी के मौसम में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी 15 फोटोग्राफर साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में वरिष्ठ फोटोग्राफरों के मार्गदर्शन में स्वैच्छिक रक्तदान किया द्य रक्तदान शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रमोद श्रीवास्तव संस्था के सचिव ओम बंसल डॉ दीप्ति बंसल द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया द्य तत्पश्चात ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर पवन राठौर, डॉ दीप्ति बंसल का फोटोग्राफर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया द्य भीषण गर्मी में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राहुल भोला उपाध्यक्ष वरुण भार्गव सह सचिव विक्रम सिंह सोलकिया, अनिल श्रीधर ,अंकित जैन राजीव राठौर गोल्डी,गोपाल शाक्य, आशु तोमर राजेंद्र सिंह तोमर, हनी नरवरिया, शुभम जोशी, सतीश शाक्य, वीरेंद्र आमोल, अभिषेक श्रीवास्तव एवं सुनील जाटव प्रमुख रूप से शामिल है द्य इन रक्त दाताओं का एसोसिएशन द्वारा आगामी दिनों में सम्मान किया जाएगा द्य इस भीषण गर्मी के मौसम में वरिष्ठ फोटोग्राफर बृज दुबे ने ब्लड बैंक पहुंचकर सभी का हौसला बढ़ाया और इसी तरह से आगे भी सेवाभावी कार्य करने की बात कही द्यइस मौके पर संस्था के पदाधिकारी अध्यक्ष राहुल भोला ,उपाध्यक्ष वरुण भार्गव, सचिव ओम बंसल ,सह सचिव विक्रम सोलकिया, एवं सुनील भास्कर, विवेक श्रीवास्तव , अनिल श्रीधर ब्लड बैंक के डॉक्टर पवन राठौर डॉ दीप्ति बंसल के अलावा स्टाफ निशा, दौलत राम, सचिन गुप्ता, क्रांति शर्मा का पूर्ण सहयोग मिला द्य

पटवारी ने की हेराफेरी कर दिया दूसरे सर्वे नंबर का बंटवारा

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-खबर शिवपुरी के ग्राम छावनी के भूमि सर्वे क्रमांक 587, 589 रकवा क्रमशः 0.105, 0.178 बटवारा संबंधी प्रकरण क्रमांक 81/19-20 अपील में एक लम्बे अंतराल के बाद दिनांक 28.03.2022 को आपत्तियों का निराकरण किये बिना तथा विधि विधान नियमों की औपचारिकता किये बिना आदेश हुये जो प्रकरण पत्रिका से स्पष्ट ज्ञात होता है। पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द में माननीय अनुविभागीय अधिकारी महोदय के द्वारा आदेश में दिये गये स्पष्ट आदेश वर्तमान खसरे में दर्ज सह-खातेदारों के नामों में भिन्नता होने से भूमि स्वामियों के स्वत्व एवं हिस्सा अनुसार संसोधित फर्द केश करें विन्नता का कारण पूर्व में सहखातेदारों द्वारा अपने स्वत्व की भूमि विक्रय करने से हुआ पटवारी द्वारा हुए आदेश का पालन न करते हुये अपनी मर्जी से स्थायी स्वत्वों में हैराफैरी कर दिनांक 22.03.2022 को पेश कर दी जिसका न प्रकाशन कराया और न ही खातेदारों को भनक तक नहीं लगने दी।



पटवारी द्वारा दो बार में प्रस्तुत की गई फर्द बटवारा का तुल्नात्मक विवरण संलग्न है। प्रथम पेश की गई फर्द में सर्वे क्रमांक 587 का स्थायी रकवा 0.1050 की जगह 0. 1214 कर दी गई है जो स्थायी रकवा से 0.1640 अधिक है। इसकी भरपाई सर्वे क्रमांक 589 रकवा 0.1780 में से 0.1640 कम करके की गई जो विधि विधान के विपरीत हैं इसके बाद दूसरी फर्द पेश की गई जिसमें आवेदक का नामांतरण आदेश क्रमांक 134/ 13-14 अ-6 दिनांक 11.02.2014 में प्रत्येक सर्वे में 1/4 हिस्सा का निर्णय दिया गया है। उसके अनुसार खसरे में भी 1/4 का हिस्सा दर्ज है। पटवारी द्वारा पहले पेश की गई फर्द में भी 0.265, 0.445 दर्ज हिस्सा अनुसार पेश की गई है। फिर दूसरी फर्द में 0.265 की जगह 0.211, 0.445 की जगह 0.499 की गई जो स्वत्व के विपरीत है। इसके अतिरिक्त आदेश में स्पष्ट आदेश है कि अपीलान्ट प्रकरण में नियमानुसार नोन जुडिशियल के स्टाम्प बटवारा शुल्क के रूप में जमा करें तत् पश्चात् पटवारी अमल करें लेकिन यह प्रोसेस फीस जमा न होने के बाद भी अगल कर दिया गया है।

अम्बेडकर जयंती पर भोपाल मैं पुरानी पेंशन के लिए प्रदेश के कर्मचारी करेगें पेंशन सत्याग्रह -जनक सिंह रावत

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क भोपाल मैं पुरानी पेंशन के लिए पेंशन सत्याग्रह करेगा द्य संगठन के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत,वीरेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि प्रांतध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी महिला मोर्चा प्रांत अध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव के आव्हान पर संगठन हजारों कर्मचारियों के साथ अंबेडकर पार्क भोपाल में बुढ़ापे का सहारा, कर्मचारी की आत्मा पुरानी पेंशन के लिए सत्याग्रह करेगा इसमें देश के लिए एक संविधान फिर पेंशन के लिए क्यों दो विधान जब देश मैं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन छीन कर न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई दूसरी तरफ हमारे माननीय सांसदों, विधायकों को पुरानी पेंशन का प्रावधान है यह देश के संविधान के खिलाफ है अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सत्य का आग्रह सत्याग्रह जिसमें सरकार से मांग की जाएगी कि प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः बहाल करें जब पड़ोसी राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़ मैं पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी गई है मध्यप्रदेश में क्यों नहीं संघठन के जनक सिंह बालूराम सुल्तान सिंह विनय सिंह संदीप कुलश्रेष्ठ दीपक माजी महिला जिलाध्यक्ष बसंती शर्मा जिला संयोजक रेणु शर्मा सहित एवं जिला कार्यकारिणी द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचने की अपील की गई है द्य

लक्ष्मण सिंह जाटव बने ओबीसी एससी एसटी एकता महासभा में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

भिण्ड। ओबीसी एससी एसटी एकता महासभा के संभागीय प्रभारी श्री शिवसिंह कुशवाह जी की अनुसंशा पर भिण्ड जिले के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के पद पर श्री लक्ष्मण सिंह जाटव जी को मनोनीत किया गया और इस अवसर पर संगठन प्रमुख श्री विनोद कराना जी एवम सम्मानित लोग उपस्थित रहे। युवा मोर्चा अध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाइयाँ, बधाई देने वालों में मोनू शिकारवार, डॉ. लाल सिंह कौशल, प्रेम सिंह आर्य, प्रदीप पवैया, सोनू सिकरवार, राकेश सिंह, ज्ञान सिंह कुशवाह, महेंद्र सिंह भटनागर आदि लोगों से बधाई दी।

सैनी छात्रावास में मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

राजस्थान । महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती आज सैनी विकास संस्थान द्वारा संचालित सैनी छात्रावास प्रांगण में मनाई गई। सनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। तथा महात्मा फुले को दलितों एवं पिछड़ों का उद्धार करने वाला संत बताते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य एवं समाज उत्थान के कार्यों पर बल दिया।महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेश सचिव कैलाश नारायण सैनी ने महात्मा फुले के दलितों के लिए किए गए कार्यों को अनुकरणीय बताते हुए उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिला माली समाज के युवा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी ने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। माली समाज के जिला महामंत्री प्रह्लाद सैनी ने शिक्षण संस्थाओं में महात्मा फुले की जयंती को आवश्यक रूप से मनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा सरकार से जयंती के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की। तहसील अध्यक्ष रामलाल सैनी ने महात्मा फुले की जयंती को हर कस्बे और गांव में भी मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मोहित सैनी पार्षद, युवा तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, चेतन सैनी मौसम सैनी हर्षित सैनी विष्णु सैनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

देवेंद्र नगर में टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन फाइनल मैच में डीएन ब्लास्टर टीम ने मारी बाजी

पुष्पांजली टुडे

देवेंद्र नगर । इतिहास में पहली बार हो रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में वर्धमान क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में ग्रामीण अंचल की बहुत सी टीमों ने भाग लिया जिनके मध्य लीग मैचों का रोमांचक मुकाबले के बाद 11 अप्रैल को शाम 7:00 बजे से दूधिया रोशनी में देवेंद्र नगर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राउंड में मेजबान वर्धमान क्रिकेट क्लब एवं डीएन ब्लास्टर टीम के मध्य रात में फाइनल मैच खेला गया जिसमें अद्भुत खेल का प्रदर्शन करते हुए डीएन ब्लास्टर ने बाजी मारी और खिताब अपने नाम किया खेल के दौरान हजारों की संख्या में दर्शकों ने आयोजन करता के इस अनूठी पहल को खूब सराहा मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिषेक सिसोदिया को मैन ऑफ द मैच और पूरी सीरीज में गेंद और बल्ले से अपना जलवा बिखेरने वाले मोनू सिसोदिया को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया नवाचार

करते हुए मैन ऑफ द विकेट अभिषेक सिसोदिया को दिया गया और आदित्य पांडे को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया फाइनल मैच के दौरान स्थानीय विधायक शिवदयाल बागरी मुख्य अतिथि एवं मंडल अध्यक्ष बीजेपी ललित गुप्ता जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संजय पटेल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र नगर आनंद शुक्ला,अनुराग पाठक, सुशील विश्वकर्मा,निक्की जयसवाल डॉक्टर अभिषेक जैन ,अजीत जैन (छोटे) रामकरण पांडे बबलू जिमीदार रवि सोनी बेटू सिसोदिया ,समीर त्रिवेदी गणेश त्रिपाठी, रवि चौबे, पदम सिसोदिया, गौरव सिसोदिया, एमएल विश्वकर्मा विजय व्यास एवं अन्य गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। वर्तमान क्रिकेट क्लब के आयोजक प्रशांत जैन एवं कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में विधायक शिवदयाल बागरी राकेश बिलथरिया अजीत जैन डॉक्टर अभिषेक जैन गणेश त्रिपाठी सानू जैन सोमप्रभा राणा निक्की जायसवाल शंभू सोनी पूर्व अध्यक्ष अरुण राय एवं नीरज जैन का अभूतपूर्व योगदान रहा।

अंबाह प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट बीपीएस चौहान जी के स्थानांतरण होने पर अभिभाषक संघ अंबाह ने दी विदाई समारोह

गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजली टुडे

अंबाह। श्री बी पी एस चौहान जी मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के विदाई समारोह के शुभ अवसर पर मंचासीन एडीजे श्री सुरेंद्र शर्मा जी एडीजे पंकज जैन नितेंद्र सिंह अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री शिव प्रताप शर्मा जी सचिव श्री महेश सिंह तोमर उपस्थित रहे सभा में सभी अभिभाषक गण उपस्थित रहे इसी क्रम में अनेक वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें इसी क्रम में श्री शिव प्रताप शर्मा अध्यक्ष अभिभाषक संघ ने बताते हुए कहा श्री चौहान साहब का अंबाह में विगत 4 वर्षों से सेवाएं दे रहे उनका स्वभाव काफी सरल एवं सहज है उनके कार्यकाल में किसी भी अभिभाषक को कोई असुविधा नहीं हुई उनका व्यवहार बेंच और बार के बीच में एक सेतु की तरह रहा है इसी क्रम में सचिव श्री महेश सिंह तोमर एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्री सत्यवीर सिंह तोमर ने भी अपने विचार रखे आगे बताते हुए श्री केशव त्यागी एडवोकेट एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ने अपने एवं सभी अभिभाषक की ओर से श्री चौहान साहब के उज्जवल भविष्य की कामना की अंत में क्लासिक संघ के अध्यक्ष श्री शिव प्रताप शर्मा एवं सचिव श्री महेश सिंह तोमर एवं सभी अभिभाषकों ने मिलकर श्री चौहान साहब को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर प्रकरण दर्ज करने का दिया दीया आवेदन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दतिया । भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष राहुल पुरोहित के तत्वाधान में भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आज दतिया कोतवाली पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ ज्ञापन सौंपा कुछ दिन पूर्व रामनवमी के दिन कुछ उपद्रवियों द्वारा रामनवमी के चल समारोह पर पत्थरबाजी की जिससे सरकार ने उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई की लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा एक ट्वीट के माध्यम से लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने जैसा ट्वीट दिया और उसमें जो फोटो वायरल किया वह फोटो भी कहीं और का वायरल कर दिया इस प्रकार संविधानिक पद पर रहे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार का कृत्य जो आम

जनमानस में धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला प्रदर्शित हो रहा है उनके इस कृत्य के खिलाफ संपूर्ण मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा धार्मिक भावनाओं को भड़काने की धाराओं के सहित वैधानिक कार्यवाही करने हेतु आज दतिया कोतवाली पहुंचकर ज्ञापन सौंपा एवं पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ एफ आई आर की मांग की इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी गौरव दांगी जोली शुक्ला अक्कू दुबे अंकित शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा नगर अध्यक्ष राहुल पुरोहित नगर उपाध्यक्ष रिंकू दुबे मानवेंद्र सिंह तोमर संघर्ष यादव पुनीत टीलवानी शाहरुख अली शिवाजी गुर्जर सत्यम पंडा संघर्ष यादव अमर सिंह प्रमोद कुशवाहा कौशल यादव लाली गुर्जर आकाश भार्गव आदि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

भारतीय जनसेवा संगठन ने ठना है विधानसभा भितरवार को स्वच्छ और सुंदर

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

ग्वालियर- भितरवार। भारतीय जनसेवा संगठन द्वारा विधानसभा भितरवार में माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी, केंद्रीय मंत्री उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी द्वारा स्वच्छ और सुंदर बनाने को लेकर भितरवार में बीजेएस सयोजक एव वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन सिंह राठौर जी की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान एवं सेवा पकवाड़ा प्रातः 7:30 बजे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भितरवार पर एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी एवं बीजेएस सगठन के सभी जनसेवको द्वारा स्वच्छता अभियान किया। भारतीय जनसेवा सगठन के सभी जनसेवक एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

राजधानी में ब्रिज निर्माण के दौरान क्रेन सांची पार्लर पर गिरी

भोपाल। एमपी नगर स्थित प्रगति पेट्रोल पंप के पास बन रहे ब्रिज के निर्माण के दौरान एक क्रेन नीचे गिर गई। यह क्रेन वहां मौजूद सांची कार्नर के उपर ही गिरी, जिससे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। दुर्घटना के समय पार्लर में कोई मौजूद नहीं होने के कारण किसी को चोट नहीं आई है, यदि उस समय कोई मौजूद रहता तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

युवक कॉंग्रेस ने बढ़ती मंहगाई के चलते सीएम शिवराज सिंह का पुतला फूका

सीएम का जलता पुतला रोकने में तीन थानों का पुलिस बल रहा नाकाम

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह-प्रदेश में बढ़ती मंहगाई के चलते डीजल पेट्रोल गैस के दामों में भारी बढ़ोत्तरी की गई है साथ ही युवा साथी बेरोगार हो गए है।जिसके चलते नगर युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं समेत सोमवार को दबोह में कोंच रोड पर मप्र के सीएम शिवराज सिंह का पुतला फूंका।सोमवार को पुतला दहन ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह राजावत के नेतृत्व में युवक कांग्रेस ने फूंका गया।सबसे पहले युवक कांग्रेस के आधा सैकड़ा कार्यकर्ता दबोह कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए तदोपरांत वहां से ठीक 11 बजे केंद्र सरकार व प्रदेश पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी मुर्दाबाद व सीएम शिवराज मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।तदोपरांत कोंच रोड पर सीएम का पुतला फूंका गया।इस दौरान जैसे ही युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओ का काफिला कोंच रोड पहुंचा वैसे ही पुतले को आग के हवाले कर दिया।परंतु पुलिस सीएम का पुतला फूंकने से बचाने में नाकाम साबित हुई।पुलिस के द्वारा कार्यकर्ताओ पर फायर बिग्रेड से पानी भी छोड़ा गया लेकिन फिर भी युवक कांग्रेस पीछे नही हटी और आक्रोशित होकर सीएम का पुतला दहन किया वहीं कार्यकर्ताओ ने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारे बाजी की गई।

तीन थानों के पुलिस बल के सामने फूंका गया सीएम का पुतला,पुलिस रोकने में रही नाकाम

कार्यकर्ताओ द्वारा दो दिवस पूर्व ही मीडिया के माध्यम से सीएम का पुतला दहन करने की बात कही गई थी जिसके चलते सोमवार की सुबह से ही दबोह नगर छावनी बना दिखाई दे रहा था।हो भी क्यों न क्योंकि यहां पर सीएम का पुतला दहन रोकने के लिए एसडीओपी अवनीश बंसल लहार समेत थाना दबोह पुलिस बल,थाना रावतपुरा पुलिस बल व थाना असवार का पुलिस बल मौजूद था।और जब पुतला दहन होने लगा तो पुलिस बल आगे नही आया और कार्यकर्ताओं ने सीएम का पुतला फूंक दिया।इस दौरान पुलिस ने फायर बिग्रेड को आदेश कर औपचारिकता के तौर पर कार्यकर्ताओं के ऊपर पानी का छिड़काव करा दिया।बड़ी ही विचारणीय बात है कि पुलिस प्रशासन के सामने सीएम का पुतला फूंका गया और तीन थानों के पुलिस बल सीएम का पुतला दहन होने से रोक भी न पाया।

स्थानीय झांडा चौक पर हुआ जुलूस का समापन,कार्यकताओं ने साधा सरकार पर निशाना

युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने समूचे नगर में सरकार के खिलाफ आकोषित रैली निकाली व झंडा चौक पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित भी किया गया।जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धार्थ राजावत लहार ने कहा कि सीएम साहब की कथनी व करनी में बहुत अंतर है अपने आप को मामा कहने वाले सीएम साहब आज बुलडोजर मामा बन गए है उन्हें अपने भांजे व भांजियों की कोई परवाह नही है प्रदेश व आज मंहगाई चर्म सीमा पर पहुँच गई है।युवा बेरोजगार होकर सड़को पर घूम रहे है।सरकार तो केवल व्यापम घोटाला करने में लगी हुई है।

वहीं युवक कांग्रेस के दबोह नगर अध्यक्ष विनय गुप्ता परा ने आक्रोशित होकर सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि लगातार मंहगाई बढ़ती ही जा रही है जिससे आम आदमी व किसानों के जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है।ग्रामीण अध्यक्ष शेर सिंह कौरव ने कहा कि शिवराज सरकार जनता के साथ लगातार छल कर रही है।शिवराज सरकार केबल झूठे वादे करती है।उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी गरीब किसानों पर महंगाई की मार व अत्याचार सहन नही करेगी।जरूरत पड़ने पर कॉंग्रेस पार्टी विशाल आंदोलन भी करेगी।

सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फुले की जयंती पर पूर्व कृषि मंत्री का अलवर दोरा

जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

राजस्थान । अलवर के पिनान गांव में राजस्थान सरकार के पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी पूर्व यूथ बोर्ड चेयरमैन भूपेंद्र सैनी ने पहुंचकर महात्मा फुले की जयंती समारोह व प्रतिभावान छात्र छात्राओं

अभिनंदन समारोह में उनियारा तहसील अध्यक्ष तेजपाल सैनी ने फुले को दलितों एवं पिछड़ों का उद्धार करने वाला संत बताते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य एवं समाज उत्थान के कार्यों पर बल दिया।

एक शाम श्री बालाजी के नाम

पुष्पांजली टुडे

बेंगलूर-एक शाम श्री बालाजी महाराज के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ श्री मातृ साईं धाम एन एस 4 तुमकुर रोड़ स्थित अड़कमारनहल्ली मैं भजन संध्या आयोजन हुआ ।जिसमें भजन संध्या में बेंगलुरु की के भजन कलाकार सुरेश पारीक ने गणपति वंदना के साथ गुरु वंदना और राजस्थान के मेवाड़ के लाडले सुर लहरी लेहर दास जी वैष्णव ने हनुमान जी के भजनों की प्रस्तुति दी साथ में मां की ममता का भजन भी प्रस्तुत किया वारी जाऊं रे गुरु बलिहारी जाऊं और भी अनेक भजनों की प्रस्तुति दी ।भजन संध्या में मुख्य अतिथि स्वामी पुखराज महाराज, राकेश देशरला,समाजसेवी सुरेश,श्री मातेश्वरी भक्त मंडली के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।यह भजन संध्या बालाजी महाराज की नवम वर्षगांठ मनाई गई इस वार्षिक महोत्सव के प्रायोजक भूपेंद्र प्रजापत नंदिनी लेआउट वाले थे। और मंदिर की भव्यतम सुंदरता को मंदिर के ट्रस्ट अध्यक्ष जुगराज जी सोलंकी ने अपने विचार व्यक्त किए साथ में सभी ट्रस्टी गण उपस्थित थे ।और इस संपूर्ण भजन संध्या का मंच संचालन मोहन सीरवी ने किया

अग्नि प्रभावित किसानों की मदद के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ खड़ी है: श्री सिलावट

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने अग्नि प्रभावित किसानों के बीच जमीन पर बैठकर सुनी दुख तकलीफ

कहा किसानों के खातों में 13 अप्रैल तक पहुँच जाएगी राहत राशि

जिन किसानो की फसलें पूरी तरह नष्ट हुई है उन्हें निःशुल्क 5 क्विंटल गेहूँ, 50-50 किलो चावल व दाल और एक टीन तेल दिया जायेगा

ग्वालियर। आग लगने से जिन किसानों की खेत में खड़ी फसलें नष्ट हुई हैं, वे चिंता न करें। प्रदेश सरकार पूरी ताकत के साथ उनकी मदद के लिए खड़ी है। यह बात जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अग्नि प्रभावित किसानों को भरोसा दिलाते हुए कही। श्री सिलावट ने मंगलवार को जिले की चीनौर तहसील के अग्नि प्रभावित सिरसुला,भदेश्वर,दौलतपुर व घरसौंदी गाँवों में पहुँचकर अग्नि दुर्घटना से प्रभावित खेतों का जायजा लिया। साथ ही किसानों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी दुख-तकलीफ भी सुनीं। उन्होंने किसानों से कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुझे आप सबकी मदद के लिए यहाँ भेजा है।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिन गाँवों में किसानों की खड़ी फसल में 8 अप्रैल को आग लगी थी,वहाँ के सभी प्रभावित किसानों के बैंक खातों में 13 अप्रैल को राहत राशि पहुँचा दी जाएगी। जिन गाँवों में 10 अप्रैल को अग्नि दुर्घटना हुई थी, वहाँ के प्रभावित किसानों के खातों में हर हाल में 15 अप्रैल तक राहत राशि पहुँच जाएगी।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा अग्नि दुर्घटना से जिन किसानों की फसल जल गई है, उन्हें राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रवधानों के तहत सरकार द्वारा 6 हजार रूपये प्रति बीघा के मान से राहत राशि मुहैया कराई जाएगी। साथ ही जिन छोटे व सीमांत किसानों की पूरी फसल जल गई है, उन्हें मुफ्त 5 क्विंटल गेहूँ, 50-50 किलोग्राम चावल व दाल तथा एक टीन तेल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा अग्नि प्रभावित किसानों की अतिरिक्त मदद के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान से विशेष पैकेज दिलाने के प्रयास भी पूरी शिद्दत के साथ किए जाएँगें। प्रभावित किसानों के बिजली बिलों में भी राहत दिलाई जाएगी।

मंत्री श्री सिलावट ने कलैक्टर से कहा कि बीमा कंपनी से चर्चा कर अग्नि प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा क्लैम दिलवाएँ। उन्होंने अग्नि प्रभावित अति गरीब एवं सीमांत किसानों की सूची भी माँगी है, जिससे इन किसानों की अलग से मदद की जा सके। प्रभारी मंत्री ने जिन अग्नि पीड़ित किसानों के परिवार में कन्याओं के विवाह होने है, ऐसे हर किसान परिवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 55-55 हजार रूपये की अर्थिक मदद दिलाने के निर्देश भी दिए।

ज्ञात हो गत 8 अप्रैल को चीनौर तहसील के ग्राम सिरसुला,भदेश्वर व दौलतपुर में अज्ञात कारणों से लगी आग से लगभग 200 किसानों की करीबन 245 हैक्टेयर रकबे में खड़ी गेहूँ की फसल नष्ट हो गई थी। इन तीनों गाँव में अग्नि दुर्घटना से हुए फसल नुकसान का सर्वे जिला प्रशासन द्वारा करा लिया गया है।यहाँ के प्रभावित किसानों को लगभग 64 लाख 70 हजार रूपये की अर्थिक मदद राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत प्रदान की जाएगी। गत 10 अप्रैल को चीनौर व घरसौंदी ग्राम में लगी आग से 77 किसानों की लगभग 62 हैक्टेयर रकबे में खड़ी गेहूँ की फसल जल गई थी। यहाँ के सर्वेक्षण का कार्य भी लगभग पूर्ण हो गया है। लगभग 18 लाख रूपये की आर्थिक मदद प्रावधानों के तहत अनुमानित की गई है।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट के साथ लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा एवं श्री मोहन सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अग्नि प्रभावित गाँवों के भ्रमण पर पहुँचे थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी,अपर कलेक्टर श्री एच.बी. शर्मा एवं एसडीएम भितरवार श्री अश्विन रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

एक हफ्ते के भीतर स्टॉप डैम की मरम्मत करने के दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्रामीणों की माँग पर सिरसुला ग्राम पंचायत में स्थित एक पुराने स्टॉप डैम की एक हफ्ते के भीतर मरम्मत कराने के निर्देश जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिए। इस डैम का जीर्णोद्धार होने से ग्रामीणों की पानी के निस्तार संबंधी जरूरतें पूरी होंगी।

फसल कटने तक ग्रामीण क्षेत्र में खेतों के नजदीक बीडी पीने पर प्रतिबंध लगाएँ

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्रामीणों से इस अवसर पर अपील की कि जब तक फसल न कट जाए तब तक खेतों के नजदीक बीड़ी न पिएँ। साथ ही नरवाई को न जलाएँ और जब तक गेहूँ की फसल न कट जाए तब तक रीपर का उपयोग भी न करें। श्री सिलावट ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि जब तक गेहूँ की फसल न कट जाए तब तक उस क्षेत्र में बीडी पर प्रतिबंध लगाएँ,जिससे बीडी की वजह से आग लगने की संभावना न रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त फायर ब्रिगेड वाहन खरीदें

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कलेक्टर से यह भी कहा कि विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग से फायर ब्रिगेड खरीदी जाएँ, जिससे फसल संबंधी अग्नि दुर्घटनाओं पर तेजी से काबू पाया जा सके।

संक्षिप्त समाचार

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आये

विमानतल पर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने प्रदेश सरकार की ओर से की अगवानी

ग्वालियर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का मंगलवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन हुआ। यहां राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पर प्रदश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री धामी की अगवानी की। विमानतल पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री धामी के स्वागत के लिये भाजपा जिलाध्यक्ष शहर श्री कमल माखीजानी व ग्रामीण श्री कौशल शर्मा तथा सर्वश्री हरीष मेवाफरोश, मोहन सिंह राठौर, राजीव सेंगर व श्री आशीष प्रताप सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुंचे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा व श्री इच्छित गढपाले सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी विमानतल पर मौजूद थे।

लू से बचाव के लिए सावधानियाँ जरूरी- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

ग्वालियर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अपने भ्रमण के दौरान आम जन को लू से बचाव के उपाय व सावधानियाँ बताई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गर्म हवा और सूरज की तपिश से लू लगने की संभावना अधिक व? गई है। जिस कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या ब?ने लगी है। इस बावत सभी चिकित्सकों एवं स्टाफ को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। साथ ही लोगों से अपील की है कि वह बिना भोजन किये धूप में न निकलें,पानी अधिक पियें, अधिक समय तक धूप में रु? होकर मेहनत के कार्य न करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि गर्मी में भोज्य पदार्थ जल्दी खराब होते है,इसलिए डायरिया फैलने की आशंका अधिक रहती है। इसके अलावा अधिक निकलने से शरीर में पानी व खनिज लवणों की भी कमी होने लगती है। इसलिए घर से निकलते समय विशेष सावधानियाँ बरतना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा है कि झोला छाप डॉक्टरों से बचें और अपने मन से ग्लूकोज की बोतल (आई.वी.फ्लुड) न लगवायें, लू के शिकार व्यक्ति को यदि यूरिन पास करने में परेशानी हो तो घर पर उपचार न करें।

शहरवासी पेयजल को लेकर चिंतित न हों, दो साल के लिये उपलब्ध है पानी

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने लिया तिघरा जलाशय का जायजा

तिघरा जलाशय से जल रिसाव रोकने पर होंगें 19 करोड़ खर्च

ग्वालियर। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि ग्वालियर शहरवासी पेयजल को लेकर जरा सी भी चिंता न पालें। तिघरा एवं उससे जुड़े जलाशयों में इतना पानी उपलब्ध है, जिससे अगले 600 दिनों अर्थात लगभग दो साल तक निर्वाध रूप से पेयजल आपूर्ति आसानी से हो सकेगी। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने मंगलवार को जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तिघरा जलाशय का जायजा लिया और जल वितरण व्यवस्था की वस्तुस्थिति जानी।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने इस अवसर पर जानकारी दी कि तिघरा जलाशय के मुख्य बंधान से पानी का रिसाव रोकने के लिए तकनीकी परीक्षण करा लिया गया है। साथ ही टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण हो गई है। लगभग 19 करोड़ की लागत से उच्च तकनीक के साथ जल रिसाव रोकने का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, सर्वश्री मोहन सिंह राठौर व आशीष प्रताप सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, मुख्य अभियंता जल संसाधन श्री झा एवं अधीक्षण यंत्री पीएचई नगर निगम श्री आरएलएस मौर्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने इस अवसर पर नगर निगम, जल संसाधन एवं पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर की जल वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ रखें, जिससे शहर के हर घर तक पेयजल उपलब्ध हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न हो।

भ्रमण के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने जानकारी दी कि तिघरा जलाशय का वर्तमान जल स्तर लगभग 732 फीट है और करीबन 2 हजार 850 एमसीएफटी पानी उपलब्ध है। ग्वालियर शहर के लिये हर दिन लगभग 10 से 12 एमसीएफटी पानी की जरूरत होती है। अकेले तिघरा जलाशय से ही लगभग 200 दिनों तक शहर की पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। इसके अलावा तिघरा डेम से जुड़े अपर ककैटो-क कै टो-पे हसारी जलाशयों में 5500 एमसीएफटी पानी वर्तमान में उपलब्ध है, जिससे शहर को 400 दिनों तक पानी मिल सकेगा। इस प्रकार अगले 600 दिनों तक शहर को आसानी से और लगातार पेयजल उपलब्ध होता रहेगा। अपर ककैटो-ककैटो-पेहसारी से कैनाल के जरिये तिघरा जलाशय भरने के लिये पानी छोड दिया गया है।

ग्वालियर एवं चंबल संभाग के124 गाँव पूरी तरह विवादरहित: श्री सक्सेना

संभागीय कमिश्नर द्वारा गूगल मीट द्वारा समझौता समाधान केन्द्रों की समीक्षा

ग्वालियर। संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि ग्वालियर एवं चबल संभागों में राजस्व विभाग से संबंधित लंबित अविवादित मामले निपटाये जाएँ। उन्होंने निर्देशित किया कि विशेषकर सीमांकन के शत प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण हो जाए। श्री सक्सेना ने यह निर्देश मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से समझौता समाधान केन्द्रों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। समझौता समाधान केन्द्र के बारे में कमिश्नर श्री सक्सेना ने बताया कि दोनों संभागों में इन केन्द्रों के माध्यम से 124 गाँव अब पूरी तरह से विवाद रहित हो गये हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि अविवादित राजस्व के मामलों की सूची समझौता समाधान केन्द्रों में भेज दें। ताकि इन केन्द्रों में आपसी समझौते के द्वारा प्रकरणों का निराकरण हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि बंटवारे एवं सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिये राजस्व अधिकारी पटवारीवार प्रकरणों की समीक्षा करें। कमिश्नर श्री सक्सेना ने निर्देश दिये कि किसी भी राजस्व प्रकरण के संबंध में अधिकारी द्वारा आदेश पारित किया जाता है। तो उस पर तत्काल अमल किया जाए। अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। आयुक्त श्री सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे देखें कि सभी शासकीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले। साथ ही ग्रामीणों की समग्र आई.डी. बने तथा योजनाओं का उनके बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पेयजल की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि यदि कोई सरकारी जल स्रोत सूख रहा है,तो निजी जल स्रोतों का अधिग्रहण तत्काल किया जाए। प्रयास यह करें कि पेयजल के परिवहन की आवश्यकता नहीं पड़े। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि शासकीय जलस्रोतों पर किसी का अतिक्रमण है तो तत्काल हटाया जाए तथा लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

स्वच्छता से खुलेगें प्रगति के द्वार, शहर का दुनिया में बढेगा मान: निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। स्वच्छता की हर ओर महत्ता है तथा हर किसी को स्वच्छता पसंद है और यदि हमारा पूरा शहर स्वच्छ होगा तथा जब हम स्वच्छता में नम्बर 1 बनेंगें तो शहर की प्रगति के मार्ग अपने आप खुल जाएंगे और पूरी दुनिया में शहर का मान बढेगा तो इतनी बडी सौगात के लिए क्या हम थोडा सा समय अपने शहर के लिए नहीं निकाल सकते। यह बात नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर ने नागरिकों से आग्रह करते हुए कही। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 चल रहा है तथा पूरे देश में सभी शहर व नगरीय निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च रैंक के लिए जी तोड प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च रैंक आएगी तो हमारे शहर का देश में मान बढेगा, साथ ही शहर की प्रगति के भी अनेक द्वार खुलेगें, जिसका लाभ शहर के सभी नागरिकों को मिलेगा। शहर की स्वच्छता एवं साफ सफाई के लिए सभी शहरवासियों के सहयोग से नगर निगम के कर्मचारी दिन रात मेहनत कर रहे हैं और अब हम सभी देख रहें हैं कि ग्वालियर बदल रहा है।

नगर निगम ग्वालियर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य अमले के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी निरंतर अपने प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों में शहर के नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है लेकिन अभी जितने सहयोग की अपेक्षा है वह नहीं मिल पा रहा है। अपने ग्वालियर के लिए यदि हम सभी शहरवासी एक छोटा सा प्रयास भी करेगें तो हमारा ग्वालियर निश्चित ही स्वच्छता में नम्बर 1 बन जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में जमीनी स्तर पर साफ सफाई के साथ ही शहर के नागरिकों की जागरुकता एवं उनके प्रयासों की भी अत्यधिक महत्ता है। इसलिए सर्वेक्षण में सिटीजन फीडबैक के 600 अंक रखें गए हैं जो कि स्वच्छता सर्वेक्षण की उच्च रैंक के लिए अत्याधिक महत्वपूर्ण हैं। अभी हम ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक में देश में 18 वें स्थान पर चल रहे हैं, यदि शहर के नागरिक अपना 1 या 2 मिनट निकालकर स्वच्छता का सिटीजन फीडबैक अपने मोबाइल से वोट फॉर योर सिटी मोबाइल एप्प के माध्यम से देते हैं तो हमें 600 अंकों मे से अच्छे अंक मिल सकते हैं जो कि हमारी रैंकिंग के लिए बहुत मददगार साबित होगें। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा पूरी मेहनत व प्रयास के साथ ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें शहर के नागरिकों का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है जिसके लिए शहर के नागरिक बधाई के पात्र हैं। शहर के नागरिकों से यही अपेक्षा है कि अपने शहर के लिए एवं शहर की स्वच्छता के लिए थोड़ा सा समय निकाल अपनी सहभागिता अवश्यक करें।

सभी शहरवासी वोट फॉर योर सिटी मोबाइल एप्प के माध्यम से अपने शहर का स्वच्छता फीडबैक देकर शहर को नम्बर 1 बनाने में सहयोग प्रदान करें।

निगम अमले ने अभियान चलाकर पकड़े 33 आवारा श्वान, एक घायल बिल्ली

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के नागरिकों की सुविधा के लिए शहर से आवारा श्वान (कुत्ते) पकड़ने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है, इसके तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 33 श्वान पकड़ कर डॉग सेंटर भिजवाए गए। इसके साथ ही एक घायल बिल्ली को उपचार हेतु सेंटर भेजा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार गर्मी के कारण शहर में बढ़ रही डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा निरंतर आवारा श्वान पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

मच्छरों की रोकथाम के लिए निगम द्वारा किया जा रहा है फॉगिंग का कार्य

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फागिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज मंगलवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर के सभी वार्ड की गलियों एवं मोहल्ला में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत आज हजीरा, चार शहर का नाका, बिरला नगर, बहोड़ापुर, पिंटो पार्क, जडेरुआ, नाका चंद्रबदनी, गुडी गुडा का नाका, आमखो सहित विभिन्न क्षेत्रों में,जोन 24 वार्ड 65 के विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478